राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 171
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
शनिवार 17 मई 2025
मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट | पेज 3 बायर्स रजिस्ट्री को लेकर सख्त हुए डीएम | पेज 4 यूपी के 8 शहरों में बारिश, नोएडा में तूफान आया | पेज 6 हमने ट्रेनिंग नहीं रोकी यॉकि जानते थे आईपीएल दोबारा शुरू हो


## संक्षिप्त खबरें

### जगन मोहन रेड्डी के पूर्व सचिव शराब घोटाले में गिरफ्तार

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश में 3,200 करोड़ रुपये के कथित शराब घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआइटी) ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के पूर्व सचिव के. धनंजय रेड्डी और पूर्व ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) कृष्ण मोहन रेड्डी को गिरफ्तार किया। एसआइटी अधिकारियों ने लगातार तीसरे दिन पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया। दोनों को शनिवार को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किए जाने की संभावना है। एसआइटी ने उन्हें उस समय गिरफ्तार किया जब सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इन्कार कर दिया।

### हरियाणा में बस स्टैंड के भीतर हत्या

**सोनीपत।** हरियाणा में सोनीपत बस स्टैंड के भीतर एक व्यक्ति की डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। कातिल उसका पीछा करते हुए बस स्टैंड के भीतर घुसा। फिर वहां खड़ी बसों के बीच में पहले सिर पर डंडा मारकर उसे नीचे गिराया। इसके बाद 28 सेकेंड में 16 बार उसके सिर पर डंडे मार-मार कर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पैरों से पकड़कर लाश को घसीटते हुए ले गया। यह पूरा वाकया 2.10 मिनट की 2 सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। जिसमें पूरा हत्याकांड नजर आ रहा है। पहले तो आरोपी की पहचान नहीं हुई थी लेकिन बाद में हरियाणा रोडवेज के ही कर्मचारी ने आरोपी को पहचान लिया।

**विरोध प्रदर्शन**




स्वदेशी जागरण मंच के सदस्य नई दिल्ली में तुर्की द्वारा पाकिस्तान को दिए जा रहे समर्थन के विरोध में प्रदर्शन करते हुए।

# तुर्किये और अजरबैजान के साथ व्यापार का होगा बहिष्कार

### व्यापारी प्रतिनिधियों ने दिल्ली बैठक में लिया संकल्प

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के साथ खड़ा होने वाले तुर्किये और अजरबैजान का विरोध लगातार बढ़ रहा है। देशभर के 125 से अधिक प्रमुख व्यापारी नेताओं ने इन दोनों देशों के साथ व्यापार का पूरी तरह बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इस बहिष्कार में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र भी शामिल होगा। व्यापारी नेताओं ने भारतीय फिल्म उद्योग से भी अपील की कि तुर्किये और अजरबैजान में शूटिंग न करें। शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक में तय किया गया कि दोनों देशों के साथ व्यावसायिक संबंधों की नीति पर पुनर्विचार के लिए केंद्र सरकार से भी अनुरोध किया जाएगा। व्यापारिक समुदाय ने स्पष्ट किया है कि फिल्म उद्योग से अपील की गई है कि वे इन दोनों देशों में शूटिंग न करें।

# दिल्ली-यूपी समेत कई राज्यों में गर्मी से राहत

### तेज आंधी के साथ गिरी बारिश की बूंदें

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार शाम को अचानक मौसम में बदलाव देखने को मिला है। इस समय आसमान में काले बादल छाए हैं और तेज बारिश हो रही है। इसके साथ ही तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने कुछ देर पहले बताया था कि दिल्ली समेत कई राज्यों में मौसम बदलेगा और हल्की बारिश हो सकती है।

#### दिल्ली में बदला मौसम का मिजाज

दिल्ली एनसीआर में शुक्रवार शाम अचानक मौसम बदल गया है। आसमान में काले बादल छाए हैं और दिल्ली के कई हिस्सों में झमाझम बारिश हो रही है। वहीं, इसके साथ तेज हवाएं भी चल रही हैं। अचानक मौसम बदलने के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

बता दें कि राजधानी दिल्ली समेत आसपास के क्षेत्रों में आज तापमान में



काफी बढ़ोतरी देखने को मिली। सुबह से ही खिली तीखी धूप के कारण लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ा है।

#### जानिए पिछले 24 घंटों के मौसम का हाल

गत 24 घंटों के मौसम की बात करें तो छत्तीसगढ़, सौराष्ट्र और कच्छ, झारखंड, मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर 60-80 किमी प्रति घंटे की गति से तूफानी हवाएं चलीं। इसके अलावा महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में तूफानी हवाएं चलीं। कुछ जगहों पर बूंदाबादी भी देखने को मिली।

मौसम विभाग ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, पश्चिमी मध्य प्रदेश, कोंकण समेत अन्य तटीय इलाकों में भारी बारिश देखने को मिली।

वहीं, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों, झारखंड और पश्चिमी मध्य प्रदेश में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि देखने को मिली।

# सोना 1,293 बढ़कर 93,658 पर पहुंचा

**चांदी 1,016 महंगी होकर 95,588 किलो बिक रही, इस साल गोल्ड अब तक 17,496 महंगा हुआ**

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में 16 मई को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,293 बढ़कर 93,658 पर पहुंच गया है। कल सोने की कीमत 92,365 प्रति 10 ग्राम थी।

वहीं, चांदी का भाव 1,016 बढ़कर 95,588 हो गया है। इससे पहले चांदी का भाव 94,572 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

#### 4 महानगरों में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,350 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,280 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,130 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 87,200 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 95,130 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,130 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 87,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 95,180 रुपए है।

#### इस साल अब तक 17,496 रुपए महंगा हो चुका है सोना

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,496 रुपए बढ़कर 93,658 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 9,571रुपए बढ़कर 95,588 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# शिक्षक भर्ती घोटाला : नौकरी गंवाने वाले टीचर्स का प्रदर्शन

### मांग- ममता बनर्जी हमसे खुद बात करें; पुलिस से झड़प में 100 शिक्षक घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में नौकरी गंवा चुके टीचर्स और नॉन टीचिंग स्टाफ का लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन जारी है। शुक्रवार सुबह शिक्षकों ने शिक्षा विभाग के मुख्यालय विकास भवन के बाहर बैरिकेडिंग तोड़ दी और नारेबाजी करते हुए धरना शुरू किया।



गुरुवार रात शिक्षकों और पुलिस के बीच झड़प हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया, जिसमें करीब 100 शिक्षक घायल हुए हैं। बिधाननगर के डीसीपी अनीश सरकार ने कहा- कई बार समझाने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को निकलने नहीं दिया।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे शिक्षक चिन्मय मंडल ने कहा- हमने शिक्षकों और आम लोगों से अपील की है कि शुक्रवार दोपहर 3 बजे विकास भवन के बाहर जुटें। हम चाहते हैं कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद हमसे बातचीत करें।

डिजर्विंग टीचर्स राइट्स फोरम के एक मेंबर ने कहा- हमारी मांग है कि हमें फिर से बहाल किया जाए और दोबारा परीक्षा देने की शर्त न रखी जाए। क्योंकि हम पहले ही 2016 की स्कूल सर्विस कमीशन परीक्षा पास कर चुके हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 3 अप्रैल को घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने 2016 की शिक्षक और स्टाफ भर्ती को अवैध बताते हुए 25,753 शिक्षकों की भर्ती को रद्द कर दिया था।

#### ममता बनर्जी ने शिक्षकों को काम पर लौटने को कहा

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 22 अप्रैल को मिदनापुर के एक कार्यक्रम में शिक्षकों से काम पर लौटने और स्कूलों में पढ़ाना शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा- आपको यह सोचने की जरूरत नहीं कि कौन दोषी है और कौन नहीं।

आपको सिर्फ यह सोचना है कि आपकी नौकरी और वेतन सुरक्षित है। हम भरोसा दिलाते हैं कि आपकी तनख्वाह मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को सीबीआई की जांच के बाद बेदाग पाए गए बर्खास्त शिक्षकों की नौकरी 31 दिसंबर तक बढ़ा दी थी।

# दुनियाभर में भयावह गति से बढ़ रही भुखमरी, संयुक्त राष्ट्र की नई रिपोर्ट ने चौंकाया

दुनिया भर में अलग-अलग जगहों पर जारी जंग के बीच भुखमरी चरम पर पहुंचता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल 295 मिलियन यानी 29 करोड़ से ज्यादा लोगों ने भयंकर भूख का सामना किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आने वाले सालों में यह स्थिति और दयनीय हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक कई देशों में आंकड़ा लगातार छठे साल बढ़ रहा है ।ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस के मुताबिक 2024 में कुल 295.3 मिलियन लोगों ने तीव्र भूख का सामना किया। इस रिपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय संगठनों और गैर सरकारी संगठनों के एक संघ द्वारा तैयार किया गया है। विश्लेषण किए



गए 65 देशों में से 53 देशों की आबादी का लगभग एक चौथाई देश इस संकट से गुजर रहा है।

#### क्या है कारण?

रिपोर्ट के मुताबिक 2023 में यह आंकड़ा 281.6 मिलियन लोगों से अधिक था। लगभग 20 लाख लोगों के सामने अकाल का खतरा भी है। इसमें बड़ी संख्या में गाजा की आबादी भी शामिल है ।रिपोर्ट में पाया गया है कि 20 देशों और इलाकों में भुखमरी के लिए संघर्ष और हिंसा प्राथमिक कारण थे। वहीं 18 देशों में खराब मौसम और 15 देशों में आर्थिक झटके अकाल जैसी स्थिति के लिए जिम्मेदार हैं।

रिपोर्ट में यह चेतावनी भी दी गई है कि 2025 के लिए दृष्टिकोण और अंधकारमय है क्योंकि कई संगठन और देशों ने मदद से हाथ पीछे खींच लिए हैं। रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा है कि यह सिस्टम की विफलता से कहीं अधिक, मानवता की विफलता है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी में भूख को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। हम खाली पेट का जवाब खाली हाथ और पीठ दिखाकर नहीं दे सकते।



## हैप्पी मॉर्निंग

कंजूस आदमी पंडित जी को कम पैसे देते हुए... कोई ऐसा उपाय बताइए कि पैसा ही पैसा हो जाए...
पंडित जी- चिंता मत करो बालक एक ऐसा मंत्र बताउंगा जितनी बार बोलोगे उतनी बार धन की प्राप्ति होगी... रोज किसी चौक-चौराहे पर जाओ और बोलो भगवान के नाम पर दे दे रे बाबा।



## शायरी

उनका करना अनुसरण, चले
जो सत्य राह
मदद करे जो दूसरों, उसी की
वाह-वाह

## अर्थसार

संसेक्स:
82,330.59
-200.15 (0.24%)
निफ्टी:
25,019.80
-42.30



## मौसम



अधिकतम : 41 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूयोदय रविवार : 5 : 33
सूर्यास्त शनिवार : 7 : 06

# विजय शाह केस : अगली सुनवाई 19 मई को

### प्रियंका गांधी बोलीं- अपने नेताओं को बचा रही बीजेपी; धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**भोपाल/दिल्ली।** मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई 19 मई तक स्थगित कर दी है। शाह ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उन पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया था।

वहीं, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा- पहले मध्यप्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके



उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। बीजेपी अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। वह ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है? उधर, मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को राज्यपाल से मिला। ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए। बाद में उन्हें पुलिस ने जबरन उठाया और गिरफ्तार करके ले गई। हालांकि, थोड़ी देर बाद उन्हें रिहा कर दिया गया।

# तरनतारन में 85 किलो हेरोइन जब्त, पाक-आईएसआई से जुड़ा सिंडिकेट

### यूके हैंडलर लल्ली कर रहा था कंट्रोल, एजेंट जोता संधू गिरफ्तार

अमृतसर। तरनतारन पुलिस ने 2025 की सबसे बड़ी नार्को तस्करी कार्रवाई में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए 85 किलो हेरोइन जब्त की है। यह नेटवर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संरक्षण में चल रहा था और इसे यूके स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली संचालित कर रहा था। भारत में स्थित इस नेटवर्क के मुख्य संचालक अमृतसर (ग्रामीण) के गांव भिट्टेवाड़ निवासी अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू



को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार अमरजोत सीमा पार के तस्करों से ड्रग्स की खेप प्राप्त करता था और उन्हें पंजाब के विभिन्न हिस्सों में सप्लाई करता था। उसके आवास का इस्तेमाल इस नेटवर्क के लिए मुख्य ठिकाने के रूप में किया जा रहा था।

पुलिस ने उसके ठिकाने से 85 किलो हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए कीमत बताई जा रही है। इस संबंध में संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

तरनतारन पुलिस ने पुष्टि की है कि यह नेटवर्क पाकिस्तान से संचालित हो रहा था और इसमें आईएसआई की संलिप्तता के संकेत मिले हैं। यूके में बैठे लल्ली नामक तस्कर इस पूरे नेटवर्क को नियंत्रित कर रहा था, जबकि अमरजोत जैसे स्थानीय एजेंट ग्राउंड लेवल पर डिलीवरी और सप्लाई का काम संभालते थे।

पुलिस ने बताया कि वे बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंक यानी नेटवर्क के पिछले और आगे के संबंधों की गहराई से जांच कर रहे हैं। इसमें और गिरफ्तारियां तथा ड्रग्स की बरामदगी संभव है।

# नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23मी. भाला फेंका

### यह उनका ऑलटाइम बेस्ट थ्रो, ऐसा करने वाले तीसरे एशियाई प्लेयर

**दोहा।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर भाला फेंका। उन्होंने पहले प्रयास में 88.44 मीटर स्कोर किया, जबकि दूसरा थ्रो अमान्य रहा। फिर नीरज ने तीसरे प्रयास में अपने करियर का बेस्ट थ्रो किया। इससे पहले उनका बेस्ट थ्रो 89.94 मीटर था, जो उन्होंने 2022 डायमंड लीग में हासिल किया था।

हालांकि, नीरज दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर 91.06 मीटर के थ्रो के साथ पहले और ग्रेनेडा के पीटर्स एंडरसन 85.64 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में



91.06 मीटर स्कोर किया। नीरज के अलावा, गुलवीर सिंह (13: 24.32 मिनट) 5000 मीटर रेस में नौवें स्थान पर रहे।

वहीं, पारुल चौधरी (9: 13.39 मिनट) महिलाओं की 3000 मीटर स्टेपलचेज में छठे नंबर पर रहीं।

**कोरोना वायरस**

**हॉन्गकॉन्ग में कोरोना के 31 मामले, सिंगापुर में 28 प्रतिशत बढ़े, चीन-थाईलैंड में भी अलर्ट**

# कोविड की नई लहर का एशिया में खतरा, बढ़े संक्रमण

**हांगकांग।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हॉन्गकॉन्ग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से कुछ लोगों की मौत भी हुई है। मरने वालों का आंकड़ा फिलहाल नहीं बताया गया है।

हॉन्गकॉन्ग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानकारी दी है। इससे पहले सिंगापुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया था।

सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11,110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14,200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है।

#### एशिया के बाकी हिस्सों में भी फैलने का खतरा

स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विकराल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

हॉन्गकॉन्ग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक,, कोरोना वायरस के मामले



बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है।

#### भारत में 3 लहर आई थीं, 3 लाख से ज्यादा मौतें

भारत में कोरोना का पहला मामला जनवरी 2020 में सामने आया था। मार्च 2020 में देशव्यापी लॉकडाउन लागू किया गया।

भारत में कोरोना की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। इस दौरान लगभग 1.08 करोड़ कोरोना के मामले सामने आए। एक दिन में सबसे ज्यादा 98 हजार माले 17 सितंबर 2020 को देखने मिले। इस लहर में 1.55 लाख मौतें हुई। औसतन रोजाना 412 मौतें दर्ज की गईं।

कोरोना की दूसरी लहर मार्च 2021 से मई 2021 तक रही। इस दौरान कोरोना के डेल्टा वेरिएंट के चलते अप्रैल-मई 2021 में सबसे ज्यादा मामले और मौतें दर्ज की गईं।

दूसरी लहर सबसे घातक थी, जिसमें अस्पतालों और ऑक्सीजन की भारी कमी देखी गई। डेल्टा वेरिएंट ने तेजी से संक्रमण फैलाया, और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ा। इस लहर में 1.69 लाख मौतें हुईं। औसतन प्रतिदिन 2,769 मौतें दर्ज की गईं। कोरोना की तीसरी दिसंबर 2021 से फरवरी 2022 रही। ओमिक्रॉन वेरिएंट के चलते जनवरी 2022 में कोरोना का मामले तेजी से बढ़े।

# संपादकीय

## मंत्री के बेलगाम बोल

भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी, जिन्होंने %ऑपरेशन सिंदूर% के दौरान अपनी वीरता और नेतृत्व क्षमता से देश का मान बढ़ाया, हाल ही में एक विवाद के केंद्र में आ गईं। मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने उनके खिलाफ आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की, जिसने न केवल राजनीतिक हलकों में हंगामा मचाया बल्कि देशभर में जनता के आक्रोश को भी जन्म दिया। यह घटना न केवल एक महिला सैन्य अधिकारी के सम्मान पर हमला है, बल्कि यह भारतीय सेना की गरिमा और देश की एकता पर भी सवाल उठाती है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

कर्नल सोफिया कुरैशी ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने वाली सैन्य कार्रवाई के बारे में मीडिया को जानकारी दी थी। उनकी प्रेस ब्रीफिंग में शांत, दृढ़ और पेशेवर अंदाज ने उन्हें देशभर में प्रशंसा दिलाई। उनके परिवार की तीन पीढ़ियाँ सेना में सेवा दे चुकी हैं, और उनके पति, कर्नल ताजुद्दीन बागेवाड़ी, भी मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में अधिकारी हैं। सोफिया की बहादुरी और समर्पण ने उन्हें रानी लक्ष्मीबाई की उपमा दिलाई, और बाबा बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जैसे लोग भी उनकी तारीफ कर चुके हैं।

लेकिन, मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान, मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया को आतंकियों की बहन कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा, जिन्होंने हमारी बेटियों के सिंदूर उजाड़े थे, उन्हीं कटे-पिटे लोगों को उन्हीं की बहन भेजकर उनकी ऐसी-तैसी करवाई। इस बयान ने न केवल कर्नल सोफिया के व्यक्तिगत सम्मान को ठेस पहुँचाई, बल्कि उनकी धार्मिक पहचान को भी निशाना बनाया। इस टिप्पणी को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गटर स्तर का करार दिया और चार घंटे के भीतर शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया।

एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धारा 152 (देश की संप्रभुता को खतरे में डालना), 196(1)(बी) (समुदायों में शत्रुता को बढ़ावा देना), और 197(1)(सी) (सौहार्द बिगाड़ने वाली टिप्पणी) के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके बावजूद, शाह ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहाँ उन्हें कोई राहत नहीं मिली। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी टिप्पणी को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा, आप मंत्री हैं, जिम्मेदारी से बोलें। हाई कोर्ट ने भी उनकी भाषा को कैंसर जैसा घातक बताया और एफआईआर में सुधार के आदेश दिए।

इस घटना ने राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर तीखी प्रतिक्रियाएँ उकसाईं। कांग्रेस ने देशभर में प्रदर्शन किए, और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शाह को तत्काल बर्खास्त करने की माँग की। बहुजन समाज पार्टी की नेता मायावती ने भी इस बयान को शर्मनाक बताते हुए सख्त कार्रवाई की माँग की। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने शाह की टिप्पणी की निंदा की और उनकी बर्खास्तगी के साथ-साथ कर्नल सोफिया और भारतीय सेना से सार्वजनिक माफी की माँग की।

सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे ने तूल पकड़ा। कुछ फर्जी दावों, जैसे कर्नल सोफिया के परिवार पर हमले की खबरें, को बेलगावी पुलिस ने खारिज कर दिया। एक डीपफेक वीडियो, जिसमें कर्नल सोफिया को गलत बयान देते दिखाया गया, भी वायरल हुआ, जिसे जांच में फर्जी पाया गया। ये घटनाएँ दर्शाती हैं कि इस विवाद को और भड़काने की कोशिशें की गईं।

यह घटना हमें सोचने पर मजबूर करती है कि क्या एक मंत्री को अपनी भाषा और जिम्मेदारी का ध्यान नहीं रखना चाहिए? कर्नल सोफिया कुरैशी जैसी वीरांगना, जो देश की सेवा में दिन-रात जुटी हैं, उनके खिलाफ इस तरह की टिप्पणी न केवल उनकी गरिमा को ठेस पहुँचाती है, बल्कि देश की एकता और सेना के मनोबल को भी प्रभावित करती है। समाज और सरकार को एकजुट होकर ऐसी मानसिकता के खिलाफ कड़ा रुख अपनाना होगा।

# क्या सुप्रीम कोर्ट के नहले पर राष्ट्रपति के दहले से निकल पाएगा कोई सर्वमान्य हल, लोग हुए उत्सुक?

कमलेश पांडे

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है।

भारत में विधायिका-कार्यपालिका बनाम न्यायपालिका का टकराव अब कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा विधेयक पर फैसला लेने की समयसीमा तय किए जाने पर पहले तो उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा कोर्ट के फैसले पर आपत्ति जताई गई, वहीं अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर कतिपय महत्वपूर्ण सवाल उठाए हैं, जिनका जवाब सर्वोच्च न्यायालय को देना चाहिए।



बता दें कि समयसीमा तय किए जाने पर राष्ट्रपति ने सवाल उठाते हुए दो टूक शब्दों में कहा है कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है! इसलिए सुलगता हुआ सवाल है कि जब कोई प्रावधान ही नहीं है तब इतना बड़ा न्यायिक अतिरेक कैसे सामने आया जिससे भारत की कार्यपालिका और विधायिका में भूचाल आ गया।

बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गत 8 अप्रैल 2025 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दर्जनाधिक नीतिगत सवाल उठाए हैं। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में आदेश दिया था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को एक तय समय में उनके समक्ष पेश विधेयकों पर फैसला लेना होगा।

याद दिला दें कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर काफी हंगामा हुआ था, जो अब भी विभागीय शीत युद्ध के रूप में जारी है। इसी का परिणाम है कि अब राष्ट्रपति ने इस पर आपत्ति जताई है और साफ साफ कहा है कि जब देश के संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, तो फिर सुप्रीम कोर्ट किस आधार पर यह फैसला दे सकता है।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट से राज्यपाल की शक्तियों, न्यायिक दखल और समयसीमा तय करने जैसे विषयों पर स्पष्टीकरण मांगा है।

क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल मामले में दिए अपने फैसले में स्पष्ट कहा था कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। राज्यपाल की ओर से भेजे गए विधेयक पर राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना होगा।

अगर तय समयसीमा में फैसला नहीं लिया जाता तो राष्ट्रपति को राज्य को इसकी वाजिब वजह बतानी होगी। यही नहीं सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा था कि राष्ट्रपति किसी विधेयक को पुनर्विचार के लिए राज्य विधानसभा के पास वापस भेज सकते हैं। वहीं यदि विधानसभा उस विधेयक को फिर से पारित करती है तो राष्ट्रपति को उस पर अंतिम फैसला लेना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा था कि अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति के फैसले की न्यायिक समीक्षा की जा सकती है। अगर राज्यपाल ने मंत्रिपरिषद की सलाह के खिलाफ जाकर फैसला लिया है तो सुप्रीम कोर्ट के पास उस विधेयक को कानूनी रूप से जांचने का अधिकार होगा।

यही वजह है कि राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से पूछे 14 सवाल पूछे हैं, जो इस प्रकार हैं- पहला, राज्यपाल के समक्ष अगर कोई विधेयक पेश किया जाता है तो संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत उनके पास क्या विकल्प हैं? दूसरा, क्या राज्यपाल इन विकल्पों पर विचार करते समय मंत्रिपरिषद की सलाह से बंधे हैं?

तीसरा, क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल द्वारा लिए गए फैसले की न्यायिक समीक्षा हो सकती है? चतुर्थ, क्या अनुच्छेद 361 राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों पर न्यायिक समीक्षा को पूरी तरह से रोक सकता है?

पांचवां, क्या अदालतें राज्यपाल द्वारा अनुच्छेद 200 के तहत लिए गए फैसलों की समयसीमा तय कर सकती हैं, जबकि संविधान में ऐसी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है? छठा, क्या अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा लिए गए फैसले की समीक्षा हो सकती है? सातवाँ, क्या अदालतें अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा फैसला लेने की समयसीमा तय कर सकती हैं?

आठवां, अगर राज्यपाल ने विधेयक को फैसले के लिए सुरक्षित रख लिया है तो क्या अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को सुप्रीम कोर्ट की सलाह लेनी चाहिए? नवम, क्या राज्यपाल और राष्ट्रपति द्वारा क्रमशः अनुच्छेद 200 और 201 के तहत लिए गए फैसलों पर अदालतें लागू होने से पहले सुनवाई कर सकती हैं। दशम, क्या सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 142 के द्वारा राष्ट्रपति और राज्यपाल की संवैधानिक शक्तियों में बदलाव कर सकता है? ग्यारह, क्या अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की मंजूरी के बिना राज्य सरकार कानून लागू कर सकती है?

बारह, क्या सुप्रीम कोर्ट की कोई पीठ अनुच्छेद 145(3) के तहत संविधान की व्याख्या से जुड़े मामलों को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच को भेजने पर फैसला कर सकती है? तेरह, क्या सुप्रीम कोर्ट ऐसे निर्देश/आदेश दे सकता है जो संविधान या वर्तमान कानूनों मेल न खाता हो? चौदह, क्या अनुच्छेद 131 के तहत संविधान इसकी इजाजत देता है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच विवाद सिर्फ सुप्रीम कोर्ट ही सुलझा सकता है?

दरअसल, ये ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब देने में सुप्रीम कोर्ट को काफी माथापच्ची करनी होगी। क्योंकि ये सवाल उसी नौकरशाही द्वारा तैयार किये गए होंगे, जिसका परोक्ष शिकंजा खुद कोर्ट भी महसूस करता आया है और इससे निकलने के लिए कई बार अपनी छटपटाहट भी नहीं छिपा पाता है।

इसलिए सुप्रीम जवाब का इंतजार अब नागरिकों और सरकार दोनों को है, ताकि एक और लीगल पोस्टमार्टम किया जा सके। इसलिए लोगों के जेहन में यह बात उठ रही है कि क्या सुप्रीम कोर्ट के नहले पर राष्ट्रपति के दहले से निकल पाएगा कोई सर्वमान्य हल?

# पाकिस्तान से तनाव के बीच बीएसएफ जवान की वापसी

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी गलती से जवानों के सीमा पार कर जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगर युद्ध या तनाव की स्थिति न हो तो रिहाई में ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। भारत के सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ के एक जवान को पाकिस्तान ने लौटा दिया है और स्वाभाविक ही इसे भारत की एक और कूटनीतिक कामयाबी माना जा रहा है। गौरतलब है कि भारत के बीएसएफ के जवान पूर्णम साव तेईस अप्रैल को गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे और वहां उन्हें पकड़ लिया गया था। सीमा पार किन्हीं हालात में अगर अन्य देश के जवान को पकड़ लिया जाता है तो उसके जीवन तक को लेकर आशंकाएं पैदा हो जाती हैं।

यही वजह है कि पूर्णम साव की वापसी को लेकर उनके परिवार सहित देश के लोगों की चिंताएं गहरा रही थीं। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच किस स्तर का टकराव हुआ, यह दुनिया ने देखा। लेकिन अब बुधवार को जब पूर्णम साव की पाकिस्तान से रिहाई की खबर आई, तो निश्चित तौर पर यह उनके परिवार वालों के साथ-साथ समूचे देश के लोगों के लिए राहत की बात थी। दोनों देशों के डीजीएमओ स्तर पर हुई बातचीत के नतीजे में बीस दिनों के बाद पूर्णम शा को छोड़ा गया।

दरअसल, जिन परिस्थितियों में बीएसएफ के जवान गलती से पाकिस्तानी सीमा में दाखिल हो गए थे, वे इतनी ज्यादा संवेदनशील थीं कि उनके कारण दोनों देशों के बीच संघर्ष की नौबत आई। पहलगाम में आतंकी हमले में छब्बीस लोगों के मारे जाने के बाद भारत के पास एक तरह से जवाबी कार्रवाई करना अंतिम विकल्प था। इस टकराव की तीव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसे दोनों देशों के बीच पूर्ण संघर्ष के तौर पर भी देखा गया।


ऐसे में अगर बीएसएफ जवान की सुरक्षा और जान को लेकर भारत में चिंता गहरा रही थी, तो यह लाजिमी था। यों भी पाकिस्तान के अतीत और उसकी प्रकृति अक्सर उसके विवेक आधारित फैसले नहीं लेने के ही सूचक रहे हैं। हालांकि इस बीच उम्मीद जरूर की जा रही थी कि तमाम विपरीत हालात के बावजूद भारत के लगातार कूटनीतिक प्रयासों से जवान की वापसी सुनिश्चित हो सकेगी। मगर जब दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा हुई तब यह उम्मीद और मजबूत हुई कि अब शायद माहौल शांत होने के बाद इस मसले पर कूटनीतिक बातचीत आगे बढ़ेगी।

भारत और पाकिस्तान के बीच किसी गलती से जवानों के सीमा पार कर जाने की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। अगर युद्ध या तनाव की स्थिति न हो तो रिहाई में ज्यादा मुश्किल नहीं होती है। मगर पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर जिस तरह का हमला किया था, उसे एक तरह से सीधा संघर्ष मान लिया गया था। पाकिस्तान पहले ही अवांछित गतिविधियों के अंजाम देने से लेकर आतंकवादियों को शह और समर्थन देकर भारत को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता रहा है।

ऐसे में वहां पकड़ लिए गए बीएसएफ जवान के प्रति उसके व्यवहार या रिहाई को लेकर आशंका बनी हुई थी, क्योंकि इसके लिए शुरू होने वाली प्रक्रिया काफी संवेदनशील और जटिल होती है। अंतरराष्ट्रीय कानून और सैन्य संधियों के तहत अगर कोई जवान गलती से सीमा पार कर जाता है तो उसके खिलाफ ज्यादा गंभीर कार्रवाई नहीं की जाती। हालांकि यह दोनों देशों के बीच संवाद और समझौते पर निर्भर करता है। इस लिहाज से देखें तो बीते कुछ दिनों के दौरान तेजी से बदलते घटनाक्रम में जवान की रिहाई के लिए भारत ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए थे और आखिर इसमें कामयाबी मिली।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3532




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे व ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आगे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का इस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



### काकुरो - 3531 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो प्रेस फोटोग्राफर अपने दिन भर के अनुभवों के बारे में बात कर रहे थे. एक ने कहा- 'आज सुबह मैंने चिथड़े में लिपटी हुई एक ऐसी भूखी-प्यासी औरत को देखा जो जीवन के प्रति निराश हो चुकी थी.'

'फिर तुमने उसके लिये क्या किया?'

'कल के समाचार पत्र के लिए मैंने उसका फोटो खींच लिया है.'

□ □ □

पत्नी ने पति को सम्बोधित किया- 'अजी ! सुनते हो, घर में बेटी जवान हो गई. मगर तुम्हें इसकी बिल्कुल भी चिन्ता नहीं है.'

'इस बात की चिन्ता तुमसे अधिक मुझे है, पर ढंग का कोई लड़का भी तो मिले. जो मिलता है, गधा ही मिलता है.' पति ने उत्तर दिया.

'अगर मेरे बाप भी यही सोचते रहते तो मैं भी अभी तक कुंवारी बैठी रहती.' पत्नी तुनककर बोली.

□ □ □

प्रेमिका बोली: ''प्रिय! तुम मुझे बहुत प्यार करते हो.''

प्रेमी बोला: 'हां.'

प्रेमिका बोली: 'प्रिय, शाहजहां ने मुमताज के मरने के बाद ताजमहल बनवाया था, तुम मेरे लिए क्या बनवाओगे?'

प्रेमी बोला: 'प्लॉट खरीद लिया है बस तुम्हारी तरफ से ही देर हो रही है.'

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3532



### बायें से दायें:-

१. संजीव कुमार, वहीदा रहमान की 'ऐ मेरी आँखों के पहले सपने' गीत वाली फिल्म-२,३
४. 'चलो एक बार फिर से अजनबी बन जायें' गीत वाली फिल्म-४
६. ऋषि, श्रीदेवी की 'भूली बिसरी प्रेम कहानी' गीत वाली फिल्म-३
८. 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
१०. जीतेंद्र, आदित्य, संगीता की १९९३ की एक फिल्म-५
१३. ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१४. 'किसी को किसी' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता की फिल्म-३
१६. शाहरूख, पूजा भट्ट, रम्या की फिल्म-३
१९. विवाह से पूर्व टीना अंबानी का सरनेम क्या था-३
२१. अमोल, जरीना की 'दो दीवाने शहर में' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'सरकाय लेओ' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-२,२
२४. अनिल कपूर, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२६. 'वो कागज की कश्ती' गीत वाली कुमार गौरव, अनामिका की फिल्म-२
२७. संजय दत्त, कुमार गौरव, पूनम की 'तेरे दिल की तू' गीतवाली फिल्म-२
२९. 'मैं लव तुम से' गीत वाली तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
३१. सुनील दत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला तेरी राह तके ब्रजबाला' गीत वाली फिल्म-४
३२. 'दिल हूम हूम करे' गीत वाली राज बब्बर, राखी, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
३३. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी की 'ओ ऐसी कोई बात' गीत वाली फिल्म-१

### ऊपर से नीचे:-

१. दिलीप कुमार, वैजयंती की फिल्म-४
२. 'मेरो गाम काथा पारे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली फिल्म-२
४. डिनो मारिया, बिपाशा बसु की 'रूठ कर हम उन्हें भूल जाने लगे' गीत वाली फिल्म-३
५. फिल्म 'आज का अर्जुन' में 'लक्ष्मी' की भूमिका किस अभिनेत्री ने की थी-३
७. राजेंद्र कुमार, माला सिन्हा की फिल्म-२
९. 'मेरे चेहरे पे' गीत वाली फिल्म-३
११. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की फिल्म-३
१२. अमोल, राखी की 'जो राह चुनी तूने राही' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'कभी खुशियों की सरगम' गीत वाली अमिताभ, अरबाज, डिम्पल की फिल्म-४
१६. वी. शांताराम की प्रेमकुमार, मास्टर सुशांत, रंजना, गौरी कामथ अभिनीत फिल्म-२
१७. 'प्यार कर इकरार कर' गीत वाली बॉबी देओल, अक्षय, अमीषा की फिल्म-४
१८. अक्षय कमार, प्रीति जिंटा की फिल्म-३
१९. 'लल्ला लल्ला लोरी दूध की' गीत वाली फिल्म-२
२०. फिल्म 'गॉड मदर' में शीर्षक भूमिका किसने निभाई है-३
२३. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२५. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
२६. 'जिन्हें हम भूलना चाहें वो अक्सर याद आते हैं' गीत वाली फिल्म-३
२८. मनोज वाजपेई, उर्मिला मातोंडकर अभिनीत रामगोपाल वर्मा की एक सस्पेंस फिल्म-३
३०. 'माई हार्ट इज बीटिंग गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3531



## सूडोकु -3532

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3531 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

## शब्द पहेली - 3532




### बाएँ से दाएँ

1.पदमाकर,कमल सरोवर-5
4.इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6.देवस्थान,मंदिर-2
7.शिव आवास-3
8.उत्तम,सज्जन-2
10.पति,शोहर-3
11.दमकना-4
14.टीस,पीड़ा-3
16.झरने की आवाज-4
17.आशा,इच्छा-2
18.संध्या,शाम-2
19.निराकार,भगवान-4
21.बुझाना,शांति-3
22.अभिप्राय-4
24.आंचल-3
25.घोड़ागाड़ी-2
27.उष्ण-3
28.पिता के पिता-2
29.पंक्ति-3
30.तहजीबदार-5

### ऊपर से नीचे

1.कथा कहने वाला-5
2.चित,जी-2
3.कार्यशाला,यंत्रालय-4
4.माहिर,दक्ष-3
5.आकाश,गगन-2
7.कारावास-2
9.योग्य-3
12.अनुमान,अंदाज-3
13.झगड़ा,कहासुनी-4
15.मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16.पक्षियों का शोर-4
17.राहत, विश्राम -3
18.मुसीबत, आफत -3
20.होशियार, चेतावनी-5
21.नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23.मगरमच्छ-3
24.दर,मूल्य-2
26.भूमि,धरती-2
28.पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -3531 का हल



# बायर्स रजिस्ट्री को लेकर सख्त हुए डीएम

## 95 बिल्डर सोसाइटी को आदेश 31 मई तक कराए रजिस्ट्री, वरना एक्शन होगा

**नोएडा।** नौ मई तक ओसी, सीसी व सबलीज की अनुमति प्राप्त नोएडा ग्रेटरनोएडा ओर यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण से संबंधित बिल्डर 31 मई तक फ्लैट बायर्स की रजिस्ट्री कराएं। ये आदेश डीएम मनीष वर्मा ने बिल्डरों को दिए।




डीएम ने मल्टीस्टोरी बिल्डर प्रोजेक्ट के प्रोमोटर व बिल्डर को कड़ी चेतावनी दी कि आगामी 15 दिन में बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री न कराने पर भारतीय स्टाम्प अधिनियम एवं रेरा अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक्शन लिया जाएगा।

इस संबंध में नोएडा प्राधिकरण के 30 , ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 65 बिल्डरों को स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों द्वारा बकाया फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने के लिए नोटिस जारी किया गया।

दरअसल डीएम ने तीनों प्राधिकरण के अधिकारियों और 95 बिल्डर के साथ बैठक आयोजित की थी। जिसमें कई बिल्डर गैरमौजूद रहे। डीएम ने स्पष्ट कहा कि जो बिल्डर बैठक में नहीं आए उनके खिलाफ भी एक्शन लिया जाए।

डीएम ने सहायक महानिरीक्षक निबंधन प्रथम व द्वितीय द्वारा बिल्डर्स को सूचना दी गई कि बायर्स की रजिस्ट्री के लिए कैंप लगाए जाएंगे।

### ये बिल्डर रहे मौजूद

विहान ग्रीन्स, रतन बिल्ड टेक प्रालि, यमुना बिल्ड टेक (मिगसन) प्रालि, एसजेपी होटल्स एंड रिसोर्ट्स, महालक्ष्मी इन्फ्रा होम प्रालि, एजीसी रियल्टी प्रालि, एटीएस, देविका गोल्ड होम्स प्रालि, केवीआईआर टावर्स प्रालि, टैक्नोसिटी अपार्टमेंट, आईआईटीएल निम्बस द एक्सप्रेस पार्क व्यू, कैपिटल इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्रालि, रूद्रा बिल्डवेल इन्फ्रा प्रालि, अरिहंत इन्फ्रा रियल्टर्स प्रालि, महा गुन माई वुड्स बिल्डर्स फ्लैट के आवंटी गण द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# डेंगू दिवस पर बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया

नोएडा। राष्ट्रीय डेंगू दिवस के मौके पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से जागरुकता अभियान चलाया गया। इसमें लोगों को डेंगू के लक्षण, बचाव और इसके प्रसार के कारणों की जानकारी दी गई।

जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ती वर्मा ने बताया कि सेक्टर 76 स्थित झुग्गियों में रहने वाले लोगों को बीमारी के बारे में जानकारी दी गई है। यहां पर करीब 40 लोग मौजूद थे। लोगों को बताया गया कि डेंगू आमतौर पर वर्षा ऋतु में फैलता है।

यह एडीज मच्छर के काटने से होता है, जो कि दिन में, खासकर सुबह और दोपहर के समय अधिक सक्रिय रहते हैं।

डेंगू से बचाव के लिए बरसात के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि सदरपुर के प्राथमिक विद्यालय में भी जागरुकता अभियान चलाया गया। बच्चों को बताया गया कि डेंगू से बचने के लिए सबसे जरूरी मच्छरों से बचाव है।

घर और आसपास पानी जमा न होने दें, क्योंकि डेंगू मच्छर साफ पानी में ही पनपता है।

कूलर, गमले, बाल्टी और टंकी को सप्ताह में कम से कम एक बार खाली कर साफ करें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि अप्रैल में डेंगू के दो मामले मिले थे। मई में अभी तक एक भी मरीज में डेंगू की पुष्टि नहीं हुई है।

# ग्रेटर नोएडा के जेवर में तेज बारिश

## दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर पेड़ गिरे, कई वाहन डैमेज, यमुना प्राधिकरण का कैंप भी टूटा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में शुक्रवार शाम बारिश के साथ तूफान ने तबाही मचा दी। तूफान से क्षेत्र के कई गांवों और मुख्य सड़कों पर पेड़ गिर गए। इससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर पेड़ों के गिरने से यातायात बाधित हुआ। नवादा गांव में सुभाष नाम के व्यक्ति की दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। सलारपुर, अट्टा गुजरान, कनारसी, जुनेदपुर और बिलासपुर में बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए।



यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 22डी में स्थित एक कंपनी का अस्थाई कैंप भी तूफान की चपेट में आ गया।

कैंप के टूटने के समय उसमें सैकड़ों मजदूर और अधिकारी मौजूद थे। हालांकि, सभी लोग सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# नोएडा में बुजुर्ग से 52 लाख हड़पे

## निवेश के नाम पर दिया झांसा, 16 बार किया गया ट्रांजैक्शन

**नोएडा।** नोएडा में निवेश के नाम पर एक बुजुर्ग से 52 लाख रुपए की ठगी की गई। पीड़ित ने साइबर सेल में शिकायत की। ये रकम 16 बार में ट्रांसफर की गई। पुलिस ने अकाउंट को फ्रीज कराकर जांच शुरू की है।

पीड़ित दीपांकर मुखर्जी एक सेवानिवृत्त अधिकारी है। सेक्टर-31 निठारी में रहते है। शिकायत में बताया कि ये पूरा प्रकरण 12 मार्च से 11 अप्रैल 2025 के बीच का है। जिसमें एचएसबीसी सिक्योरिटीज का प्रतिरुप बनाकर उनके साथ ठगी की गई। उन्होंने बताया कि 12 मार्च 2025 को उनको एचएसबीसी लोगो वाले ( एचएसबीसी सिक्योरिटीज) ग्रुप से जोड़ा गया। जिसमें पहले से करीब 100 लोग जुड़े थे। समय-समय पर और लोग भी इस ग्रुप पर जोड़े जा रहे थे।

इस ग्रुप को सलाह दी गई और एनएसई और बीएसई पर स्टॉक पर बल्क डील या आईपीओ में निवेश करने के लिए कहा गया। ग्रुप की एडमिन अदिति अरोड़ा नाम की एक महिला थी। वहीं सलाहकार दीपेश जैन था। जाहिर है ये नाम इनके असली नहीं होंगे। जांच करने पर पाया गया कि ग्रुप में कथित एचएसबीसी सिक्योरिटीज का जो पंजीकरण बताया गया वो दीपेश जैन के नाम पर ही था। ऐसे में विश्वास हो गया। दीपेश अक्सर मुझे जानकारी देता है किस पर पैसा निवेश करना चाहिए। ग्रुप पर लोग मुनाफा




का स्क्रीन शॉट तक डालने लगे। जिससे मुझे और विश्वास हो गया। यही नहीं इन लोगों ने मुंबई में ऑफिस का एड्रेस भी दिया ताकि पूरी तरह से इन पर विश्वास किया जा सके।

### एक के बाद एक नए ग्रुप से जोड़ा

मुझे जल्द ही एडवाइजर अदिति अरोड़ा ने एक दूसरे वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ दिया। जिसमें बैंक खाते से पैसे ट्रांसफर करने के बारे में स्टेप बाई स्टेप जानकारी दी गई। इस ऐप पर भी एसबीसी का लोगो था। इसमें सिर्फ़ 3 सदस्य अदिति अरोड़ा, अनीता मिश्रा और मैं था। फिर एक तीसरा वॉट्सऐप बनाया गया और मुझे (एलसी06 ) एचएसबीसी डिपॉजिट सर्विसेज नाम से जोड़ा गया। इसे अनीता मिश्रा द्वारा प्रबंधित किया गया था। जिन्होंने दावा किया था कि वे डिपॉजिट सर्विसेज़ हैं। इसके बाद indiademat.net (मोबाइल) और https://m.indiademat.vip (लैपटॉप) मुझसे ट्रेडिंग ऐप डाउनलोड कराया गया।

### दिखाया गया ऑफर 30 प्रतिशत की छूट

इस ऐप पर 3 से 5 दिनों के अंदर विशेष कंपनियों के बड़े डिस्काउंट पर शेयर खरीद और बिक्री को दिखाया गया। जिसमें छूट की सीमा 30त्न की सीमा तक। हमे निवेश के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद हमने पैसा निवेश किया। ये पैसा अनीता मिश्रा ने ज्यादातर आईटीजीएस और आईएमपीएस के जरिए ली। ये पैसा ऐप पर शो होता था। मुनाफा मिलने के बाद एक बार पैसा वापस मांगा तो वापस मुनाफे के साथ सेंड किया गया। इसके बाद कभी 50 हजार तो कभी दो लाख रुपए करके पैसा निवेश करता गया। ऐप पर मुनाफा भी दिखता रहा।

### क्रेडिट स्कोर 100 प्रतिशत पर निकलेगा पैसा

मुनाफा की रकम दिखने के बाद पैसे वापस करने के लिए कहा तो ग्रुप की एडमिन ने कहा कि अभी क्रेडिट स्कोर 99 है। ये जैसे ही 100 हो जाएगा आप पैसा निकाल सकते है। जबकि ऐसा एक महीने में कभी हुआ ही नहीं। पैसा वापस करने का दबाव बनाया तो उन्होंने 5 लाख रुपए जमा करने के लिए कहा। मैने मना कर दिया। मैने उसको वॉट्सऐप चैट पर व्यस्त रखा और 16 अप्रैल को पुलिस से शिकायत की। ऐसे में मुझे ग्रुप से बाहर कर दिया गया।

# फ्लैट कब्जाने के मामले में भतीजे समेत दो पर केस

**नोएडा।** बुजुर्ग महिला के फ्लैट पर जबरन रहने के मामले में आरोपी भतीजे के खिलाफ फेज दो थाने में नामजद केस दर्ज हुआ है। फ्लैट खाली करने के लिए कहने पर आरोपी महिला और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौज और बदसलूकी कर रहा है। पुलिस नामजद आरोपी से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। आरोपी के खिलाफ संपत्ति पर कब्जा करने, धमकी देने व षडयंत्र करने की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। दिल्ली ईस्ट निजामुद्दीन निवासी 67 वर्षीय मधु शरण ने पुलिस को बताया कि उन्होंने और उनके पति ने सेक्टर-110 स्थित लोटस पनाश सोसाइटी के अपने फ्लैट को भतीजे प्रकाश श्रीवास्तव को दिया था।प्रकाश ने मजबूरी बताकर 2017 में एक साल के लिए फ्लैट रहने के लिए लिया था। वर्ष 2019 में महिला के पति की मौत हो गई। महिला ने प्रकाश से फ्लैट को खाली करने को कहा तो वह बहाने बनाने लगा। महिला ने फ्लैट को बेचने के लिए डीलर को दिखाया तो प्रकाश ने आपत्ति जताई। फ्लैट को अपना बताकर डीलर को वापस भेज दिया। महिला ने इस बारे में प्रकाश से पूछा तो उसने फ्लैट खाली करने से साफ-साफ इनकार कर दिया। विरोध करने पर आरोपी और उसके साथी महिला और उसके परिवार को धमकियां देकर डराने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### सफाई कर्मचारियों का वेतन नहीं मिलने पर विरोध

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को वेतन न मिलने के विरोध में प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कोतवाली के सामने कूड़ा बिखेर दिया और बाद में नगर पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए। नगर पंचायत में काम करने वाले करीब 40 सफाई कर्मचारियों को अप्रैल माह का वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले 9 महीने से उन्हें पीएफ भी नहीं मिला है और विभाग की तरफ से दी जाने वाली वर्दी भी नहीं मिली है। मुकेश, रोहित, पप्पू, टीटू समेत कई कर्मचारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे काम नहीं करेंगे और धरना प्रदर्शन जारी रखेंगे।

# सोशल मीडिया पर चोरी की बाइक बेचने का नया तरीका

## नोएडा में इंस्टाग्राम रील बनाकर बाइक बेचने वाले दो चोर गिरफ्तार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की इकोटेक-1 कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी के एक नए गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी की 7 बाइक बरामद की हैं।

गुरुवार की देर रात भाटी गोल चक्कर के पास से पकड़े गए आरोपियों की पहचान जारचा निवासी अमन और बुलंदशहर निवासी प्रियांशु राठी के रूप में हुई है। आरोपी दिल्ली, मेरठ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और हरियाणा के विभिन्न जिलों में कंपनियों और



फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों की बाइक चुराते थे।

चोरी की बाइक बेचने के लिए आरोपी एक अनोखा तरीका अपनाते थे। वे इंस्टाग्राम पर बाइक की रील बनाकर पोस्ट करते थे। इसके बाद ग्राहक उनसे संपर्क करते थे। आरोपी एक बाइक को 8 से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार के अनुसार, दोनों आरोपी पिछले 5 वर्षों से चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। मेरठ समेत कई जगहों पर इनके खिलाफ चोरी के मामले दर्ज हैं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। आरोपियों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## ग्रेनो प्राधिकरण के प्रबंधक पर रिश्तेदारों के भूखंड अच्छे स्थान पर लगाने के आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** खैरपुर गुर्जर गांव के लोगों ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एक प्रबंधक पर किसान आबादी की जमीन पर अतिक्रमण दिखाकर अपने रिश्तेदारों के भूखंड अच्छे स्थान पर लगाने का आरोप लगाया है। इसकी लिखित प्राधिकरण सीईओ से की गई है। शिकायत के मुताबिक घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी संदीप रावल प्राधिकरण में प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से किसान आबादी विभाग में प्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं। प्रबंधक के रिश्तेदारों के 5 किसान आबादी भूखंड घोड़ी बछेड़ा गांव के पास 7.5 मीटर चौड़ी सड़क पर पूर्व में लगाए गए थे। आरोप है कि संदीप रावल ने परियोजना विभाग के अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर उक्त पांचों भूखंड पर अतिक्रमण दिखाकर इन भूखंडों को अच्छे स्थान पर लगवा लिए हैं, जबकि पूर्व में जिस स्थान पर भूखंड लगाए गए थे, वहां पर किसी तरह का अतिक्रमण नहीं है।आरोप लगाया कि प्रबंधक के खिलाफ पूर्व में भी भूखंड को रजिस्ट्री पर प्रति वर्गमीटर पैसे लेने की शिकायत हो चुकी है। ग्रामीणों की मांग की है कि प्रबंधक खिलाफ कार्रवाई कर नौकरी से बर्खास्त किया जाए। वहीं इस मामले में प्राधिकरण के ओएसडी भूलेख विभाग गिरीश झा का कहना है कि अभी शिकायत उनके पास नहीं आई है।

# बिजली की समस्या से परेशान किसान

## मोदीनगर में किसान मोर्चा ने एसडीओ को दो घंटे तक रखा बंधक

**मोदीनगर।** मोदीनगर में बिजली की गंभीर समस्याओं के विरोध में भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बिजलीघर पर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि सीकरी खुर्द गांव से मोदी पॉन कॉलोनी तक के क्षेत्र में पूरी रात बिजली गुल रहती है। किसानों को सिंचाई के लिए मात्र 3-4 घंटे बिजली मिल रही है। कई गांवों में 8-10 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं।

आरोप है कि बिजली विभाग के कर्मचारी बिना सुविधा शुल्क के काम नहीं करते।

प्रदर्शनकारियों ने पहले बिजलीघर पर ताला जड़ा। एक घंटे बाद मौके पर पहुंचे एसडीओ प्रदीप कुमार को भी बंधक बना लिया गया। करीब दो घंटे बाद एसडीओ ने सोमवार तक सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि समस्याओं का समाधान न होने पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

प्रदर्शन में डॉ. बबली गुर्जर, राहुल प्रधान, सतेंद्र शर्मा, नीरज प्रजापति, निर्दोष खटाना और अमित गोयल समेत नगर पालिका के कई सभासद मौजूद थे।

इनमें सूबे सिंह, गुलाब सिंह, धर्मवीर सिंह, वेद प्रकाश चौधरी, बबलू कौशिक, आलोक भारती, इस्तकार प्रधान, पप्पू प्रधान, सुनील प्रधान, राहुल कलछीना, राज वर्मा, नवीन जैन, बीके शर्मा, एमपी सिंह, चमन सिंह, वीर सिंह, उत्तम प्रधान, राहुल वाल्मीकि, मोनू गुर्जर और देव शर्मा प्रमुख थे।

### मोदीनगर में वकीलों का कोर्ट बहिष्कार

**मोदीनगर।** मोदीनगर में वकीलों ने न्यायिक तहसीलदार की कोर्ट का बहिष्कार करने का फैसला लिया है। बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले शुक्रवार को तहसील में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में वकीलों ने निर्णय लिया कि जब तक न्यायिक तहसीलदार का स्थानांतरण नहीं होता, तब तक कोर्ट का बहिष्कार जारी रहेगा। बैठक की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम त्यागी ने की, जबकि संचालन सचिव सौरभ मुदगल ने किया। वकीलों का कहना है कि उन्होंने पहले गाजियाबाद के जिलाधिकारी को न्यायिक तहसीलदार के खिलाफ शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने जब न्यायिक तहसीलदार से स्पष्टीकरण मांगा, तो उन्होंने वकीलों पर झूठे आरोप लगाकर अपनी गलती छिपाने का प्रयास किया। बार एसोसिएशन ने न्यायिक तहसीलदार के इस व्यवहार की निंदा की है।

# देहात जोन के 11 थानों में नई बीट व्यवस्था

## 895 बीटों में 990 पुलिसकर्मी तैनात, हफ्ते में 3 बार करेंगे निगरानी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने देहात जोन के 11 थानों में नई बीट व्यवस्था लागू की है। इन थानों को कुल 895 बीट क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इनमें 352 दारोगा और 638 पुलिस अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। पुलिस कमिश्नर जे रविंद्र गौड ने हापुड़ रोड स्थित एक स्कूल के सभागार में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता केंद्रित पुलिसिंग और बीट प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। सभी पुलिसकर्मियों को अपने बीट क्षेत्र में सप्ताह में तीन बार भ्रमण करना होगा। कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों को जुआ, सट्टा, नशीले पदार्थ और शराब तस्करी पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि बीट क्षेत्र में किसी भी तरह का अवैध व्यापार नहीं होना चाहिए। पुलिसकर्मियों को आपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों पर निगरानी रखनी होगी।



क्षेत्र की बेहतर मॉनिटरिंग के लिए पुलिसकर्मियों को स्थानीय गणमान्य लोगों से संपर्क में रहने को कहा गया है।

इसके लिए वॉट्सऐप ग्रुप बनाने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को समय-समय पर बीट बुक की जांच करने को कहा गया है।

बैठक में एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय, एसीपी मसूरी लिपि नगायच के साथ देहात जोन के सभी थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी, दारोगा और सिपाही मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

### नोएडा में कंपनी कर्मचारी की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर रेलवे स्टेशन पर एक कंपनी के कर्मचारी ने एक्सप्रेस ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान सिकंदराबाद, बुलंदशहर के खत्रीवाड़ा मोहल्ला निवासी दीपक (24) के रूप में हुई। दीपक ग्रेटर नोएडा की एक कंपनी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। गुरुवार शाम को वह दनकौर रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पर मौजूद एक पुलिसकर्मी से समय पूछा। इसके बाद दिल्ली से लखनऊ जा रही एक्सप्रेस ट्रेन को देखकर ट्रैक पर लेट गया। पुलिसकर्मी ने उन्हें चिल्लाकर हटने को कहा। लेकिन वह नहीं हटे और ट्रेन की चपेट में आ गए। जीआरपी पुलिस ने बताया कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद किया। इसी से उनकी पहचान संभव हो सकी। परिवार के अनुसार दीपक किसी तरह के तनाव में नहीं थे। उनके आत्महत्या करने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

### 5 जून तक 'आईटीआई चलो' अभियान

**नोएडा।** नोएडा में आगामी 5 जून तक आईटीआई चलो अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पंजीकरण शुल्क सामान्य और पिछड़ा वर्ग के लिए 250 रुपए और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए 150 रुपए देना होगा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नोएडा के प्रधानाचार्य यज्ञ देव सिंह ने बताया कि संस्थानों में दीर्घकालीन व्यवसायों में अगस्त 2025 में प्रारम्भ होने वाले प्रशिक्षण सत्र के लिए अभ्यार्थी को आन लाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए वेबसाइट http://www.scvtup.in को खोलना होगा। उस पर बने हुए लिंक ऑनलाइन सबमिशन आफ एप्लीकेशन फॉर एडमिशन सेशन 2025-2026 फॉर गवर्नमेंट / प्राइवेट आईटीआई पर क्लिक कर पहले अपना फार्म भरना होगा। अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन से पहले ओटीपी से मोबाइल नंबर का सत्यापन करना होगा। फार्म भरने के बाद उसे प्रिव्यू वाले पृष्ठ पर प्रोसीड टू पेमेंट के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान करना होगा।

### जेवर टोल प्लाजा पर बैरियर तोड़कर भागने वाला बस चालक गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस ने जेवर टोल प्लाजा पर बैरियर तोड़कर बस लेकर भागे चालक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी चालक मथुरा टोल प्लाजा पर भी बैरियर तोड़कर भागा था। पुलिस ने बस को भी कब्जे में ले लिया है। जेवर कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 13 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बस चालक ने मथुरा टोल प्लाजा का बैरियर तोड़ दिया है। वह लापरवाही से बस को तेज गति से भगाता ला रहा था। जेवर टोल प्लाजा पर बस को रोकने का प्रयास किया गया तो बस चालक ने जेवर टोल प्लाजा पर भी बैरियर तोड़ दिया।जेवर टोल प्लाजा कंट्रोलर की लिखित तहरीर पर थाना जेवर पर मुकदमा दर्ज किया गया। जेवर पुलिस द्वारा उक्त घटना का संज्ञान लेकर त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को आरोपी बस चालक माधव सिंह निवासी ग्राम खेडिया, थाना खंदौली, जनपद आगरा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### लीजबैक के प्रकरणों पर हुई सुनवाई

**ग्रेटर नोएडा।** जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के गांवों में किसानों की आबादी की जमीन की लीजबैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से सुनवाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को रोजा याकूबपुर के 57 प्रकरणों की सुनवाई प्राधिकरण के सभागार में की गई। प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह, ओएसडी गिरीश कुमार झा और ओएसडी राम नयन सिंह ने 57 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए किसानों से साक्ष्य भी प्राप्त किए। ओएसडी भूलेख गिरीश कुमार झा ने बताया कि किसानों की मांग पर लीजबैक के प्रकरणों को निस्तारित करने के लिए आबादी व्यवस्थापन के लिए बनी समिति बीते 24 मार्च से लगातार सुनवाई कर रही है।शेष गांवों की भी सुनवाई तय कार्यक्रम के मुताबिक की जाएगी। बता दें कि लीजबैक उस जमीन की होती है,जिस पर किसान द्वारा यह दावा किया जाता है कि उक्त जमीन आबादी की है।

### ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक आज यानी शनिवार को होगी, जिसमें क्षेत्र के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में ईएसआई (कर्मचारी राज्य बीमा) अस्पताल के निर्माण और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के लिए आवासीय सुविधा सहित कई योजनाओं को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव भी रखे जाएंगे। ईएसआई अस्पताल का निर्माण ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के हजारों औद्योगिक श्रमिकों और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रस्तावित किया गया है। यह अस्पताल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। इसके अतिरिक्त प्राधिकरण की ओर से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में तैनात होने वाले सीआईएसएफ कर्मियों के लिए एक समर्पित आवासीय परिसर बनाने का प्रस्ताव भी बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा।

### हेड कांस्टेबल के ऊपर बस चढ़ाने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक के समीप नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रही बसों का चालान कर रहे हेड कांस्टेबल के ऊपर चालक ने बस चढ़ाने का प्रयास किया। साथी ने किसी तरह हेड कांस्टेबल का हाथ पकड़ कर साइड में खींचा। पीड़ित ने इस मामले में आरोपी बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हेड कांस्टेबल अमित लाटियान गुरुवार को परी चौक पर यातायात डयूटी पर तैनात थे। वह यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाली बसों के चालान कर रहे थे। इसी दौरान एक चालक ने उनके ऊपर बस को चढ़ाकर कुचलने का प्रयास किया।इस मामले में सेक्टर बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस चालक बुलंदशहर के लोहगरा निवासी आसिम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आरोपी बस चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध निर्माण के लिए मिट्टी भराव कराने पर केस दर्ज

**नोएडा ।** सलारपुर गांव में नोएडा प्राधिकरण की अर्जित भूमि पर अवैध निर्माण की नीयत से मिट्टी भराव कराने के मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया गया है। वरिष्ठ प्रबंधक वर्क सर्किल-6 के लेखपाल की ओर से आरोपियों के खिलाफ शिकायत दी गई थी। लेखपाल धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया कि सलारपुर गांव में खसरा संख्या-121 और 122 प्राधिकरण की अर्जित भूमि है। इस पर बिना अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं कराया जा सकता है। गांव के चाहत भाटी, श्रद्धा भाटी, विजयपाल भाटी और राजे भाटी अवैध निर्माण करने की नीयत से इस भूमि पर मिट्टी का भराव कर रहे हैं।इससे प्राधिकरण द्वारा निर्मित नाली भी क्षतिग्रस्त हो गई है। वर्क सर्किल और भूलेख विभाग ने मिट्टी के भराव का काम रुकवा दिया। आरोपियों द्वारा संबंधित खसरे की भूमि पर देर सवेर फिर से मिट्टी भराव कर अवैध निर्माण करने की आशंका है।

### भूजल निष्कर्षण के लिए एनओसी जरूरी

**ग्रेटर नोएडा।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम मनीष कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को जिला भूगर्भ जल प्रबंधन विभाग की बैठक आयोजित हुई। डीएम ने भूजल निष्कर्षण के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) पंजीकरण के प्रावधान के बारे में बताया। उन्होंने बिना एनओसी भूजल दोहन कर रहे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बताया कि भूगर्भ जल उपयोगकर्ता भूगर्भ जल विभाग के वेब पोर्टल https://upgwdonline.in पर निवेश मित्र के माध्यम से पंजीकरण कर एनओसी प्राप्त कर सकते हैं।

# यूपी के 8 शहरों में बारिश, नोएडा में तूफान आया

## फ्लैट के खिड़की-दरवाजे उखड़े; कुशीनगर में 30 मिनट ओले गिरे, 3 की मौत

यूपी में शुक्रवार को मौसम बदल गया। मुरादाबाद, पीलीभीत और रामपुर समेत 8 शहरों में बारिश हुई। शाम को दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। आंधी इतनी तेज थी कि सेक्टर-151 की जेपी अमन सोसाइटी में फ्लैट की खिड़कियां-दरवाजे उड़कर कमरे में आ गिरे। कुछ नीचे जा गिरे।

कुशीनगर में बारिश के साथ 30 मिनट ओले गिरे। तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई है। पारा 38 डिग्री सेल्सियस से 36 डिग्री पर आ गया है। यहां बिजली गिरने से महिला समेत 2 की मौत हो गई।

बलरामपुर में आंधी से कई जगहों पर पेड़ उखड़ गए। आकाशीय बिजली गिरी। चपेट में आकर 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। वह आंधी से पेड़ से गिरे आम बीन रही थी। बच्ची अपने 5 भाइयों की इकलौती बहन थी।

महाराजगंज में भी बूंदाबांदी हुई है। सहारनपुर में भी तेज हवाएं चलीं। हल्की बूंदाबांदी हुई है। बहराइच में धूल भरी आंधी आई। इतनी तेज हवा चली कि टीनशेड उड़ गए और पेड़ों की टहनियां टूट गईं। गोरखपुर में भी धूल भरी आंधी चली।



### काशी-प्रयागराज में भीषण गर्मी

जहां एक तरफ बारिश हो रही है, वहीं दूसरी तरफ भीषण गर्मी भी पड़ रही है। प्रयागराज में इतनी गर्मी है कि नगर निगम ने फव्वारे से सड़कों पर पानी का छिड़काव शुरू करा दिया है। अस्पतालों को अलर्ट पर रखा गया है। बेली अस्पताल में हीट वेव की चपेट में आए लोगों के लिए 10 बेड रिजर्व किए गए हैं।

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में भक्तों के पैर न जलें, इसलिए जूट के मैट बिछाए गए हैं। इसके साथ ही पूरे मंदिर कॉरिडोर परिसर को जर्मन हैंगर से पैक किया गया है। कॉरिडोर परिसर में कूलर और पंखे भी लगाए गए हैं। ओआरएस घोल की भी व्यवस्था की गई है।

बुधवार को आगरा सबसे गर्म शहर रहा। यहां का पारा 43.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आज 42 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया था।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि 20 मई तक बारिश होने की संभावना है। अगर बारिश हुई तो पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, उमस बढ़ने की संभावना भी है।

### क्यों बदला मौसम?

वाराणसी के बीएचयू में मौसम वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव ने बताया, बंगाल के खाड़ी तक मानसून एक्टिव हो रहा है, जिसका असर यूपी के जिलों में ज्यादा देखने को मिल रहा है। 18 मई तक अलग अलग जिलों में बारिश और आंधी आने के आसार दिखाई दे रहे हैं। हालांकि यूपी में मानसून 20-24 जून के बीच आएगा।


# श्रावस्ती में पत्नी के टुकड़े-टुकड़े कर मछलियों को खिलाया

## अधजला हाथ बाग में दफन मिला; बोला- झगड़ा करती थी, मार दिया

**श्रावस्ती।** नेपाल से सटे श्रावस्ती जिले में एक पति ने अपनी 27 साल की पत्नी की हत्या कर दी। धारदार हथियार से शव के कई टुकड़े कर दिए। फिर उन्हें एक बाग में जला दिया। शव के कुछ टुकड़े पूरी तरह जल नहीं पाए तो उन्हें एक गड् ?ढे में दफना दिया।

गुरुवार को आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया। बताया, उसकी पत्नी आए दिन झगड़ा करती थी। इसलिए उसको मार दिया है। शव के कुछ टुकड़े उसने मछलियों को भी खिलाए हैं।

पुलिस को बाग से एक अधजला हाथ भी मिला है। जिसे फोरेंसिक जांच और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। महिला 13 मई से लापता थी।




हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के मनवरिया गांव निवासी दूबर की बेटी सकीना उर्फ मुकीना (27 साल) की शादी जब्दी निवासी सैफुद्दीन के साथ चार साल पहले 2021 में हुई थी। शादी के एक साल बाद तक सब ठीक-ठाक चल रहा था। लेकिन बाद में छोटी-छोटी बातों को लेकर कहासुनी शुरू हुई, और फिर झगड़े से बात मारपीट तक आ गई। इसी बीच सकीना गंभीर बीमारी का शिकार हो गई।

इस बीच 13 मई को सकीना संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। 14 मई को सैफुद्दीन भी गायब हो गया। 15 मई को सैफुद्दीन के बड़े भाई कय्यूम को शक हुआ। उन्होंने सैफुद्दीन को फोन किया और सकीना के बारे में पूछा।

सैफुद्दीन ने बहाना बनाते हुए कहा, सकीना मेरे साथ है। हम दोनों लखनऊ इलाज कराने आए हैं। लेकिन सैफुद्दीन गुरुवार रात अकेला घर लौटा, तो बड़े भाई का शक और पुख्ता हो गया। इसके बाद बड़े भाई कयूम ने पुलिस को सूचना दी। सैफुद्दीन चार भाइयों में तीसरे नंबर पर है। सभी भाई अलग-अलग रहते हैं। सैफुद्दीन के कोई बच्चा नहीं है।

## प्रयागराज में टीचर ने थप्पड़ मारा, छात्र की मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में टीचर के थप्पड़ मारने से नर्सरी के साढ़े 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। उसी स्कूल में सेकेंड क्लास में पढ़ने वाले छात्र के भाई ने बताया- मेरा भाई रो रहा था। दो टीचर उसे मेरे क्लास में लेकर आईं और बेंच पर बैठा दिया। भाई ने रोना बंद नहीं किया तो एक टीचर ने उसके गाल पर थप्पड़ जड़ दिया। इससे भाई का सिर बेंच से टकरा गया। वह जमीन पर गिर गया। उसके मुंह और नाक से खून निकलने लगा। भाई ने टीचर से पानी मांगा, लेकिन किसी ने पानी नहीं दिया। करीब 10 मिनट तक वह पानी मांगता रहा, फिर एकदम से शांत हो गया। एक टीचर ने भाई को हिलाया-डुलाया। जब वह कुछ नहीं बोला, तो टीचर भागकर बाहर गईं। मेरे घरवालों को फोन कर बुलाया। तुरंत मम्मी-पापा दीन दयाल जूनियर हाई स्कूल पहुंचे और भाई को अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता की शिकायत पर 2 महिला टीचर पर केस दर्ज किया गया है। घटना नैनी कोतवाली क्षेत्र की है।

# पुलिस ने चोरी के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**ललितपुर।** महरौनी पुलिस ने चोरी के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से चोरी किये 4200 रूपये बरामद पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी, महरौनी रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना महरौनी पुलिस द्वारा थाना महरौनी पर पंजीकृत मु0अ0स0- 190/25 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना महरौनी में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त प्रिन्स राजा पुत्र मोहन सिंह उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम जखौरा थाना महरौनी ललितपुर को सौजना रोड़ पर नहर के पास वहद कस्बा व थाना महरौनी जनपद ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त प्रिंस राजा उपरोक्त के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए, न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है । वादी मुकदमा द्वारा थाना महरौनी पर प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया था कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के टाइल्स की दुकान की रैक में रखे हुए रूपये चोरी कर लिये गये हैं ।

प्राप्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना महरौनी पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था । घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी । धरातलीय सूचना, सर्विलांस व अन्य एकत्रित साक्ष्यों की मदद से अभियुक्त प्रिन्स राजा उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र उ.नि. निखिल मलिक चौकी प्रभारी कस्बा हे.का. राघवेन्द्र सिंह का. सचिन सैलानी आदि शामिल रहे।

# लखनऊ में गौ-तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़

## पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक को लगी गोली, साथी भागने में कामयाब

**लखनऊ।** लखनऊ के गोसाईगंज इलाके में बेली अंडर पास के पास शुक्रवार देर रात गौ-तस्करों के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक तस्कर के पैर में गोली। वहीं उसके दो साथी भागने में कामयाब रहे। पुलिस फरार तस्करों की तलाश रही है।

सूचना पाकर मौके पर डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल और एसीपी गोसाईगंज ऋषभ रूणवाल ने इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी से घटना के विषय में जानकारी ली।

5 मई को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गौ वंश से भरा एक ट्रक मिला था। जिसे चालक खराब होने पर मौके पर छोड़ कर फरार हो गया था। तभी से पुलिस इनकी तलाश कर रही थी।

### कार को रोकने पर गौ-तस्करों ने पुलिस पार्टी पर की फायरिंग

डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि पांच मई को एक ट्रक में 20 गौ-



वंश मिले थे। सीसीटीवी की जांच में सामने आया कि सफेद रंग की कार में गौ-तस्कर भागते नजर आए थे। पुलिस तभी से उनकी तलाश कर रही थी।

शुक्रवार रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी की गई।

पुलिस के रोकने पर कार सवार गौ-तस्करों ने फायरिंग कर दी।

पुलिस की जवाबी फायरिंग में मुजफ्फर नगर खतौली निवासी शोएब उर्फ गैंडा के गोली लगी है। आठ मुकदमे दर्ज हैं। इसके पास से एक कार, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं।

मौके से कार में सवार दो लोग भाग गए हैं। जिनकी तलाश की जा रही है। पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग गौ-वंश को बिहार ले जाते थे।

# ट्रैफिक पुलिस को मिला नया हथियार : शराबी ड्राइवरों पर तुरंत होगी कार्रवाई

## गर्मी से बचने के लिए मिलेगा एसी हेलमेट

**महेश सिंह विशाल इंडिया**

उत्तर प्रदेश में यातायात व्यवस्था को हाईटेक और सशक्त बनाने की दिशा में बड़ी पहल: तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यातायात प्रबंधन को और अधिक सशक्त, पारदर्शी एवं तकनीक-समर्थ बनाने के उद्देश्य से 14 से 16 मई तक लखनऊ स्थित यातायात निदेशालय में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात के. सत्यनारायण (उत्तर प्रदेश, यातायात एवं सड़क सुरक्षा) एवं लखनऊ ट्रैफिक के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस सुभाष चंद्र दूबे के निर्देशन में किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न कमिश्नरेट्स और जनपदों से आए यातायात पुलिसकर्मी प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आधुनिक यातायात उपकरणों के कुशल उपयोग, उनकी कार्य प्रणाली, तकनीकी विशेषताओं एवं नियमित रख-रखाव के संबंध में प्रशिक्षित करना है, ताकि ये अधिकारी मास्टर ट्रेनर के रूप में अपने-



अपने जनपदों में अन्य पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकें।

### प्रशिक्षण में शामिल प्रमुख हाईटेक उपकरण

**बॉडी वार्न कैमरा :** यह कैमरा ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा जनमानस से हुई बातचीत एवं कार्यप्रणाली को रिकॉर्ड करने में मदद करता है, जिससे पुलिस व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जा सके।

**ब्रेथ एनालाइज़र :** शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध तत्काल जांच व कार्रवाई के लिए यह एक अत्यंत प्रभावी उपकरण है।

**डेसीबल मीटर :** ध्वनि प्रदूषण करने वाले वाहनों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु यह आवश्यक उपकरण है।

**टेम्परेचर कंट्रोल डिवाइस (एसी हेलमेट) :** इस विशेष उपकरण का प्रयोग यातायात ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को गर्मी व सर्दी से राहत देने के लिए किया जाता है।

**इंटरसेप्टर वाहन (दो और चार पहिया) :** ये वाहन सभी आवश्यक यातायात प्रवर्तन उपकरणों से सुसज्जित होते हैं और इनका उपयोग मुख्य मार्गों, राजमार्गों, एक्सप्रेसवे आदि पर नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई के लिए किया जाता है।

### प्रशिक्षण के दौरान दिए गए दिशा-निर्देश

अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात एवं सड़क सुरक्षा द्वारा प्रतिभागियों को यह निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान देंयातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अभियान चलाया जाए।बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

ऐसे वाहन जिन पर तीन या उससे अधिक चालान लंबित हैं, उन्हें चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाए। इन मामलों में चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही हेतु संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय को सूचना प्रेषित की जाए। यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उत्तर प्रदेश की यातायात व्यवस्था को आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और कुशल प्रवर्तन के साथ जोड़ने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इससे न केवल पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेशवासियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

लखनऊ पुलिस मुख्यालय में ट्रैफिक, एडीजी के. सत्यनारायण और ट्रैफिक आईजी सुभाष चंद्र दूबे के निर्देश पर एक विशेष ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया।

इस सत्र में ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को एसी हेलमेट, ब्रीथ एनालाइज़र डिवाइस और संचार इंडिया जैसी नई तकनीकों की ट्रेनिंग दी गई। इन अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर मौके पर ही कार्रवाई संभव होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। इस प्रशिक्षण का नेतृत्व ट्रेनिंग ऑफिसर अनुराग दूबे, दीपक सिंह और ध्यानेंद्र सिंह ने किया। अधिकारियों ने बताया कि इन नई सुविधाओं से ट्रैफिक व्यवस्था और अधिक सशक्त होगी और जनता में जागरूकता भी बढ़ेगी।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित

**ललितपुर ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर के सभागार में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस डेंगू रोग के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए मनाया जाता है। 2025 में राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है, 'Check, Clean, Cover : Step To Defeat Dengue' यह थीम है, कि देंखे, साफ करें, ढ़के डेंगू को हराने के उपाय करें यह थीम हमें बताती है, कि मच्छर प्रजनन स्रोतों को खोज



कर साफ करें और ढ़कें जिससे कि मच्छर प्रजनन पर रोक लग सके। जिला मलेरिया अधिकारी श्री अनिल क्रिस्टोफर मैसी ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस को मनाने का महत्व आम लोगों को डेंगू रोग के लक्षण, बचाव आदि की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करना है, इस दिन डेंगू रोग को रोकथाम हेतु चलाये जा रहे कार्यक्रमों की चर्चा की जाती है। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा0 सौरभ सक्सेना ने राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर बताया कि डेंगू रोग एक वायरस जनित रोग है, यह मुख्य रुप से यह एडिज एजिप्टाई मादा मच्छर के काटने से फैलता है। मच्छरों के काटने से बचाव करके डेंगू रोग को रोका जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को तेज बुखार, बदन दर्द, हड्डियों में दर्द, बदन में लाल चकत्ते, आँखों के पिछले हिस्से में दर्द, उल्टी होना, गम्भीर मामलों में नाक, मुंह, मसूड़ों से खून आना आदि लक्षण हो तो निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जा कर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। मच्छरदानी का प्रयोग करके व जलभराव को रोक कर डेंगू रोग से बचा जा सकता है। कार्यक्रम का प्रचार प्रसार ललित लोकवाणी एफ0एम0 के माध्यम से किया जा रहा है। गोष्ठी में नोडल अधिकारी वेक्टर बोर्न डा0 रामनरेश सोनी, डा0 राजेश भारती, सहायक मलेरिया अधिकारी अजब सिंह यादव, मलेरिया निरीक्षक संदीप शर्मा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# यूपी पावर कॉरपोरेशन को हाईकोर्ट से झटका

**लखनऊ।** लखनऊ हाईकोर्ट ने यूपी पावर कॉरपोरेशन को एक अहम फैसले में निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने ट्रांसफार्मर की मरम्मत के दौरान मृत हुए संविदाकर्मी के परिवार को मिलने वाले मुआवजे की राशि बढ़ा दी है।

स्थायी लोक अदालत ने पहले 13.15 लाख रुपये का मुआवजा तय किया था। कॉरपोरेशन ने इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने न केवल कॉरपोरेशन की याचिका खारिज कर दी, बल्कि मुआवजे की राशि बढ़ाकर 23.78 लाख रुपये कर दी। कोर्ट ने कॉरपोरेशन को मुकदमा दाखिल करने के लिए 50 हजार रुपये का अतिरिक्त हर्जाना भी लगाया है। न्यायालय ने टिप्पणी की कि एक जनकल्याणकारी संस्था द्वारा ऐसी याचिका दाखिल करना दुखद है।

कॉरपोरेशन ने स्वीकार किया था कि मृतक उनका संविदाकर्मी था। उन्होंने केवल लोक अदालत की मुआवजा देने की शक्ति पर सवाल उठाया था। न्यायालय ने पाया कि मूल मुआवजा राशि तय मानकों से कम थी।

कोर्ट ने कॉरपोरेशन को निर्देश दिया है कि वह तीन महीने के भीतर 23.78 लाख रुपये लोक अदालत में जमा करे।

# शार्ट न्यूज

## सुरक्षा कारणों के दृष्टिगत जनपद के बांधों पर वाहनों का आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

**ललितपुर।** अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खण्ड शैलेष कुमार ने अवगत कराते हुए कहा है कि राष्ट्रविरोधी तत्वों एवं आंतकी घटनाओं तथा वर्तमान स्थिति को देखते हुए भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देशों व डैम सेफ्टी रिव्यू पैनल एवं सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 के उच्च अधिकारियों द्वारा लिये गए निर्णयों के क्रम में जनपद के गोविन्द सागर बांध, शहजाद बांध एवं उटारी बांध सहित सभी बांधों पर वाहनों के आवागमन को जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित किया गया है , परन्तु पैदल गस्त करने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। चूंकि बांधों को सार्वजनिक आवागमन हेतु प्रयोग किया जाता रहा है और वाहनों का आवागमन भी होता रहता है, अत: वर्तमान स्थिति के दृष्टिगत सुरक्षात्मक कदम उठाते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद के बांधों पर वाहनों के आवागमन को बंद किया गया है, इसके इतर पैदल चलने वालों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं है।

## आज तहसील पाली में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सुनेंगे जनशिकायतें

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कल शनिवार को तहसील पाली में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा, जिसमें जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक एवं सभी जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनता की समस्यायें सुनेंगे और उनका निस्तारण करायेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद की समस्त तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रात: 10 बजे से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उपस्थित रहकर जन शिकायतों का प्रभावी निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

## लखनऊ में व्यक्ति की संदिग्ध मौत

**लखनऊ।** लखनऊ के आशियाना में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने पत्नी और बड़े बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मकान को लेकर भाभी और भतीजे से विवाद चल रहा था। एक सप्ताह पहले हुए झगड़े में दोनों ने मिलकर भाई का पैर तोड़ दिया था और सिर में भी चोट पहुंचाई थी। शुक्रवार शाम को भाई की तबीयत अचानक बिगड़ी। बेटा बॉबी उन्हें अस्पताल ले गया, लेकिन कुछ ही देर में उनका शव लेकर लौट आया। सूचना मिलते ही एसीपी कैंट और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आशियाना थाना क्षेत्र में 48 वर्षीय अनिल कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक गाड़ियों की सीट बनाने का काम करता था। वह अपनी पत्नी मंजू लता और दो बेटों - 20 वर्षीय बॉबी और 6 वर्षीय बेटे के साथ रहता था। मृतक के भाई संतोष ने पत्नी और बड़े बेटे पर हत्या का आरोप लगाया है। संतोष की शिकायत पर पुलिस ने मृतक की पत्नी और बेटे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## कौशांबी में हाइवे किनारे मिला युवक का शव

**कौशांबी।** कौशांबी के कोखराज थाना क्षेत्र में एक संदिग्ध मामला सामने आया है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे चकिया एनएच 2 हाईवे के किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला। मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष आंकी गई है। शव की स्थिति चिंताजनक थी। युवक का शव पूरी तरह नग्न अवस्था में मिला। उसके पेट पर धारदार हथियार से किए गए गंभीर चोट के निशान थे। प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट है कि युवक की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोखराज पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोखराज के इंस्पेक्टर सीबी मौर्य ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अभी नहीं हो पाई है। उसके पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संभल में मिलावटी दूध फैक्ट्री का भंडाफोड़

**संभल।** संभल के गांव गौंजनी मिलक में पुलिस ने मिलावटी दूध बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। थाना ऐंचौड़ा कम्बोह पुलिस ने गुरुवार रात को छापेमारी की ।फैक्ट्री से पुलिस ने बड़ी मात्रा में मिलावटी दूध और उसे बनाने की सामग्री बरामद की है। प्लास्टिक के टैंक में 450 लीटर दूध मिला। एल्युमीनियम की केन में 40 लीटर और नीले ड्रम में 80 लीटर दूध था। एक अन्य नीले ड्रम में 50 लीटर और प्लास्टिक की केन में 40 लीटर दूध बरामद हुआ ।पुलिस ने मौके से 10 किलो ग्लूकोज सीरप और 30 किलो मिल्क पाउडर भी जब्त किया। इसके अलावा तीन पैकेट जैमिनी रिफाइंड, दो नीले खाली ड्रम, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और लोहे की दो खाली केन भी मिलीं। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## पति-पत्नी समेत चार को उम्रकैद

**सहारनपुर।** सहारनपुर कोर्ट ने शुक्रवार को एक बेहद अहम फैसले में पति-पत्नी समेत चार लोगों को नाबालिग के अपहरण और फिरौती मांगने के मामले में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने चारों अभियुक्तों पर 40-40 हजार रुपए, कुल 1.60 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी ने बताया कि यह मामला 7 साल पुराना है, जिसमें थाना मंडी क्षेत्र की मंसूद कॉलोनी निवासी मुस्तकीम के 12 वर्षीय बेटे मोहम्मद जकी को अगवा कर लिया गया था। पीड़ित ने 24 फरवरी 2017 को कोतवाली मंडी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुस्तकीम ने बताया कि उसका बेटा मेडिकल स्टोर से दवा लेने गया था, तभी रास्ते में कुछ अज्ञात लोग उसे जबरन उठा ले गए। इसके बाद अपहर्ताओं ने बच्चे को छोड़ने के एवज में 20 लाख रुपए की फिरौती की मांग की थी। पुलिस ने मुस्तकीम की तहरीर पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## अवैध वेंडरों के ठेली-काउंटर जब्त


**लखनऊ।** लखनऊ में चार जोन में शुक्रवार को एक साथ अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराना रहा। इस कार्यवाही में पुलिस प्रशासन और नगर निगम की टीम सक्रिय रही। नगर निगम जोन-2 के अंतर्गत राजाजीपुरम स्थित रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल से लेकर ए ब्लॉक, जलालपुर फाटक अंडरपास तक अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 1 लोहे की गुमटी, 1 टूटा ठेला, 1 ठेलिया, 1 लोहे का काउंटर जब्त किया गया तथा 1500 रुपए का जुर्माना वसूला गया। जोन-5 के क्षेत्र में आनंद विहार कॉलोनी,गिंदन खेड़ा,सरोजनी नगर,ईको गार्डन से तुलसी पार्क एवं आलमबाग से अवध चौराहे तक फैले अतिक्रमण को हटाया गया। यहां 2 गुमटी, 7 ठेले हटाए गए एवं 3 लोहे के काउंटर जब्त किए गए।

## बदायूं में जमीन के विवाद में बुजुर्ग की हत्या

**बदायूं।** बदायूं में जमीन के विवाद ने एक परिवार को हिलाकर रख दिया। थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर में 75 वर्षीय फूल सिंह की उनके भतीजी के दामाद ने ईंट से कुचलकर हत्या कर दी। फूल सिंह अविवाहित थे और उनके पास दस बीघा जमीन थी। उनके छोटे भाई विजराज सिंह की बेटी संगीता की शादी चार साल पहले हरीश यादव से हुई थी। हरीश लोहाठेर थाना कादरचौक का रहने वाला था। भाई की मृत्यु के बाद हरीश अकबरपुर में रहने लगा और फूल सिंह की जमीन पर दावा करने लगा। शुक्रवार को जमीन को लेकर दोनों में विवाद हुआ। हरीश ने फूल सिंह के सिर पर ईंट से हमला कर दिया। फूल सिंह मौके पर ही गिर गए। परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हत्या के बाद भागने की कोशिश कर रहे हरीश को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। सीओ दातागंज और प्रभारी निरीक्षक वीरपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## संक्षिप्त समाचार

### डिलिवरी बॉय आया और टिकटॉक लाइव के दौरान ब्यूटी इन्फ्लुएंसर को मारी गोली, मौके पर मौत



**मैक्सिको सिटी, एजेंसी।** मेक्सिको के जलिस्को राज्य में हुई एक हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मंगलवार को 23 वर्षीय लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल वेलेरिया मार्केज़ की एक ब्यूटी सैलून में टिकटॉक लाइवस्ट्रीम के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना जापोपान, जलिस्को शहर में घटी, जो ग्वाडलजारा के बाहरी इलाके में स्थित है। जलिस्को राज्य के अधिकारियों ने बुधवार को घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि वेलेरिया अपने लाइवस्ट्रीम के दौरान डिलीवरी बॉय से बात कर रही थीं, तभी अचानक उन्हें गोली मार दी गई। हमलावर ने उसके सीने और सिर में गोली मारी, जिसके बाद वह तुरंत गिर पड़ी। इस भयावह घटना ने एक बार फिर मेक्सिको में हिंसा और असुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इस हत्या के कुछ ही घंटों बाद उसी क्षेत्र में एक और हाई-प्रोफाइल हत्या हुई। मेक्सिको की पीआरआई पार्टी के पूर्व सांसद लुइस आर्मंडो कॉर्डोवा डिआज़ की एक कैफे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन दोनों घटनाओं से जापान और आसपास के इलाकों में दहशत फैल गई है। वेलेरिया के सोशल मीडिया अकाउंट उनके प्रशंसकों और अनुयायियों के शोक और गुस्से भरे संदेशों से भर गए हैं। लोग इस नृशंस हत्या की निंदा कर रहे हैं और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। लाइवस्ट्रीम के दौरान वेलेरिया की हत्या न केवल उसके प्रियजनों के लिए, बल्कि पूरे मेक्सिको के लिए एक बड़ा सदमा है। स्थानीय लोग और सोशल मीडिया यूजर्स सरकार से इस मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस और जांच एजेंसियां ??हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाने और हमलावर की तलाश में जुटी हैं।

### आईएमएफ से पाक को 1.02 अरब डॉलर की दूसरी किस्त

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने पाकिस्तान के लिए विस्तारित निधि सुविधा कार्यक्रम के तहत 1.023 अरब अमेरिकी डॉलर की दूसरी किस्त जारी कर दी है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। दूसरी किस्त का वितरण ऐसे दिन हुआ जब आईएमएफ पाकिस्तान के आगामी बजट पर वर्चुअल चर्चा कर रहा है। क्षेत्र में सुरक्षा चिंताओं के कारण इस्लामाबाद में आईएमएफ के मिशन की यात्रा में देरी हुई है। आईएमएफ की ओर से इस हस्तांतरण के बाद 7 अरब डॉलर की विस्तारित निधि सुविधा (ईएफएफ) के तहत कुल वितरण लगभग 2.1 अरब डॉलर हो गया है। पाकिस्तानी सरकार 2 जून को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करने की योजना बना रही है। पाकिस्तान आईएमएफ बेलआउट पैकेज पर बहुत अधिक निर्भर है। पिछले साल जब वह दिवालिया होने के कगार पर था तब आईएमएफ ने उसे 3 अरब डॉलर रुपये देकर बचाया था। आईएमएफ के मुताबिक फंड का सदस्य बनने के बाद 25 बेलआउट लोन मिल चुके हैं। दिलचस्प बात यह है कि विभिन्न सरकारों ने आईएमएफ को अलविदा कहने की घोषणा की, लेकिन अब तक वे अपना वादा पूरा करने में विफल रहीं।

### दुनिया के सबसे खुशहाल देश फिनलैंड पर मंडराने लगे मुसिबतों के बादल

**हेल्सिंकी, एजेंसी।** दुनिया के सबसे खुशहाल देश का खिताब जीत चुके फिनलैंड को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। अब वह एक नए खतरे में है। रूस की हालिया सैन्य गतिविधियों ने यूरोप को चिंतित कर दिया है। हुआ यह है कि उपग्रह चित्रों से पता चला है कि रूस ने फिनलैंड की सीमा के बहुत करीब चार महत्वपूर्ण स्थानों पर बड़ी संख्या में सैनिकों और सैन्य उपकरणों को तैनात किया है। यूक्रेन पर हमले के बाद यह दूसरी बार है जब रूसी गतिविधियां इतने बड़े पैमाने पर दर्ज की गई हैं। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक स्वीडन के राष्ट्रीय प्रसारक एसवीटी और सैटेलाइट कंपनी प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी तस्वीरों में यह खुलासा हुआ है। इसमें कहा गया है कि रूस ने चार स्थलों अर्थात् कामेनका, पेट्रोज़ावोडस्क, सेवेरोमोर्स्क-2 और ओलेन्या पर एक बड़ा आंदोलन शुरू किया है। कामेन्का फिनलैंड की सीमा से सिर्फ 35 मील की दूरी पर है, जहां फरवरी से अब तक 130 से अधिक सैन्य टेंट स्थापित किए जा चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि यहां 2,000 तक सैनिक तैनात किये जा सकते हैं। पेट्रोज़ावोडस्क में तीन विशाल सैन्य भंडारण हॉल तैयार किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 50-50 बख्तरबंद वाहन रखे जा सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इन हॉलों का निर्माण वास्तविक सैन्य ताकत को छिपाने के लिए किया गया होगा। साथ ही, सेवेरोमोर्स्क-2 पर भारी हेलीकॉप्टर उड़ान भी देखी गई है, जिससे यह बेस रूसी हवाई अभियानों का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। चौथा स्थान ओलेन्या है, जिसे यूक्रेन ने पहले ही हमलों के स्रोत के रूप में पहचाना है और जहां नई गतिविधियां भी देखी गई हैं। इस संपूर्ण सैन्य गतिविधि का समय भी बहुत मायने रखता है। फ़िनलैंड और स्वीडन हाल ही में नाटो का हिस्सा बन गए हैं। और यही कारण है कि रूस इतना नाराज है। फिनलैंड अप्रैल 2023 में और स्वीडन मार्च 2024 में नाटो में शामिल हो गए। रूस ने पहले ही चेतावनी दी थी कि वह जवाबी कार्रवाई करेगा।

# ट्रंप के कारण फेल होती दिख रही रूस-यूक्रेन शांति वार्ता, पुतिन ने क्यों बनाई दूरी?

**मास्को, एजेंसी।** व्लादिमीर पुतिन ने जब हाल ही में तुर्की में वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ शांति वार्ता में शामिल होने पर अपनी सहमति दी तो दुनिया को लगा कि रूस और यूक्रेन के बीच वर्षों से जारी संघर्ष का अंत हो सकता है। लेकिन अब जो खबर सामने आ रही है वह परेशान करने वाली है। कहा जा रहा है कि पुतिन ने तुर्की में प्रस्तावित यूक्रेन-रूस शांति वार्ता में फिलहाल शामिल होने से साफ इनकार कर दिया है। वहीं, जेलेंस्की ने भी अपनी स्थिति साफ करते हुए कहा है कि जब तक पुतिन नहीं आते हैं तो वह भी इस वार्ता में शामिल नहीं होंगे। पुतिन के इस निर्णय के पीछे मुख्य वजह यह मानी जा रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस वार्ता में शामिल होने की कोशिश कर रहे थे। अगर दोनों देशों के बीच सहमति बनती है तो वह इसका श्रेय लेने की कोशिश करते। सूत्रों का मानना है कि पुतिन ट्रंप को कूटनीतिक स्तर पर किसी भी तरह की बढ़त नहीं देना चाहते हैं। इसलिए उन्होंने न केवल खुद को इस वार्ता से दूर रखा, बल्कि अपने वरिष्ठ राजनयिकों को भी वार्ता में शामिल नहीं होने दिया। हालांकि, डिप्टी स्तर के कुछ मंत्रियों और अधिकारियों को जरूर भेजने की बात कही है। 14 मई को क्रेमलिन द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, रूस ने शांति वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल की सूची जारी कर दी है। इसमें ना तो पुतिन शामिल हो रहे हैं और ना ही विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव। रूसे ने किसी वरिष्ठ अधिकारी को भी इसमें भेजना का फैसला टाल दिया है। हालांकि एक प्रतिनिधिमंडल भेजने की बात जरूर कही है। जिसमें राष्ट्रपति के सलाहकार और प्रचार रणनीतिकार व्लादिमीर मेडिंस्की, उप विदेश मंत्री मिखाइल गैलुजिन, सैन्य खुफिया प्रमुख इगोर कोस्त्युकोव और उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन शामिल होंगे।

**पुतिन के अलावा किसी से बात नहीं करेंगे जेलेंस्की :** पुतिन के इस फैसल पर यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने तुर्की में व्लादिमीर पुतिन के साथ संभावित बैठक से पहले यह कहकर दांव बढ़ा दिया कि वह राष्ट्रपति के अलावा किसी अन्य रूसी प्रतिनिधि से बातचीत नहीं करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पुतिन से मिलने के आग्रह के बाद ही तुर्की की यात्रा करेंगे। सीएनएन ने जब उनसे बैठक के एजेंडे के बारे में पूछा तो जेलेंस्की ने कहा कि युद्धविराम समझौते के अलावा कुछ भी विफल ही साबित होगा। ऐसे में अगर दोनों देशों के प्रमुख के बगैर यह वार्ता होती भी है तो इसका खास संदेश नहीं जाएगा।



**यह भी एक कारण :** हालांकि एक तर्क भी दिया जा रहा है कि पुतिन द्वारा स्वयं को वार्ता से दूर रखना इस बात का संकेत हो सकता है कि रूस फिलहाल वार्ता को केवल एक औपचारिक प्रक्रिया के रूप में देख रहा है, ना कि वास्तविक समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम है।

**पुतिन ने की थी सीधी वार्ता की पेशकश :** इससे पहले, पश्चिमी और यूरोपीय नेताओं की ओर से किसी शर्त के एक महीने के युद्ध विराम को लागू करने की पेशकश की थी, जिसे रूस ने खारिज कर दिया था। इसके साथ ही रूस ने यूक्रेन पर 100 से अधिक ड्रोन भी दागे। पुतिन ने 11 मई को इस प्रस्ताव के बजाय तुर्किये में सीधे बातचीत की पेशकश की थी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने जोर देकर कहा था कि रूसी प्रतिनिधिमंडल बिना किसी पूर्व शर्त के इस्तांबुल में बातचीत के लिए तैयार रहेगा।

**जेलेंस्की ने जताया रूस के इरादों पर संदेह :** जेलेंस्की ने रूस के इरादों पर भी संदेह जताया था। साथ ही कहा था कि रूसी राष्ट्रपति की पेशकश अविश्वसनीय प्रतीत होती है। उन्होंने यह भी कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी वार्ता में भाग लेने पर विचार कर रहे हैं। बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए ज़ेलेंस्की ने कहा था कि हमने तुर्किये में वार्ता के प्रारूप के बारे में टीम के साथ कई बैठकें कीं। मैं यह देखने का इंतजार कर रहा हूं कि रूस से कौन आएगा। इसके बाद ही मैं तय करूंगा कि यूक्रेन को कौन से कदम उठाने चाहिए। जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अब तक, मीडिया में उनके द्वारा दिए गए संकेत अविश्वसनीय हैं। रूस केवल युद्ध और हत्याओं को बढ़ा रहा है। मैं हर देश, हर नेता को धन्यवाद देना चाहता हूं जो अब रूस पर दबाव डाल रहा है, ताकि गोलाबारी आखिरकार बंद हो जाए, ताकि सार्थक बातचीत उस स्तर पर हो सके जहां वास्तविक निर्णय लिए जा सकें।

**बड़े युद्ध की तैयारी में हैं दोनों देश :** दोनों देश गर्मी में फिर से बड़े युद्ध की तैयारी में हैं। 1,000 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा पर अब तक दोनों ओर से हजारों सैनिक मारे जा चुके हैं।वॉशिंगटन स्थित थिंक टैंक इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ वॉर ने सोमवार को कहा कि रूस तेजी से नए सैनिकों की भर्ती कर रहा है ताकि अग्रिम मोर्चे पर पकड़ बनी रहे। रूस ने अमेरिका और यूरोपीय नेताओं की ओर से की गई युद्धविराम की पेशकश को खारिज किया, पुतिन कई बार जेलेंस्की की सरकार की वैधता पर सवाल उठा चुके हैं, क्योंकि उनके अनुसार जेलेंस्की का कार्यकाल पिछले साल खत्म हो चुका है। हालांकि, यूक्रेन का संविधान कहता है कि मार्शल लॉ के दौरान चुनाव नहीं कराए जा सकते। 2022 में यूक्रेन सरकार ने एक आदेश पारित किया था, जिसके तहत पुतिन से किसी भी तरह की बातचीत पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन अमेरिका दोनों देशों पर युद्ध खत्म करने के लिए दबाव बना रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोमवार को ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड के विदेश मंत्रियों से लंदन में बातचीत की, ताकि युद्धविराम और शांति वार्ता को लेकर चर्चा हो सके। इन यूरोपीय देशों ने रूस को चेतावनी दी है कि अगर वह युद्धविराम नहीं मानता, तो उस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे, लेकिन अब तक नए प्रतिबंधों की कोई घोषणा नहीं की गई है।

## पंजाबी मूल के चार नेता कनाडा में बनाए गए मंत्री, खालिस्तानी सोच से दूर; भारत के साथ मजबूत होंगे संबंध

**ओटावा, एजेंसी।** पंजाबी मूल के चार मंत्रियों को कनाडा में मंत्री बनाए जाने से भारत के साथ बेहतर रिश्तों की उम्मीद जगी है। दरअसल इस वक्त भारत और कनाडा के रिश्ते अपने सबसे निचले स्तर पर हैं। लेकिन कार्नी के मंत्रिमंडल और पंजाबियों की दी गई अहमियत से अब रिश्तों को नई उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा है। खास बात यह है कि जो मंत्री पंजाबी मूल के हैं और अब कार्नी मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं वो खालिस्तानी विचारधारा से पूरी तरह से दूर हैं। कनाडा में रह रहे पंजाबी समुदाय के लोगों का मानना है कि कनाडा की सरकार में खालिस्तानी विचारधारा को दरकिनार कर नए संबंधों की शुरूआत करने की बेहतर पहल है। कनाडा में अनीता आनंद, मनिंदर सिद्धू, रूबी सहोता और रणदीप सराय को मंत्री बनाया गया है। कनाडा में पंजाबी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले पंजाबी सिख संगठन इन कनाडा के सरदार हरजोत सिंह कहते हैं कि विदेश मंत्री अनिता आनंद ने तो गीता पर हाथ रखकर मंत्री पद की सौगंध खाई।



# बलूच नेता ने पाकिस्तान से आजादी का ऐलान किया: कहा- बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा- बलूचिस्तान के लोगों ने अपना राष्ट्रीय फैसला दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती। उन्होंने भारत और ग्लोबल समुदाय से बलूचिस्तान की आजादी के लिए मान्यता और समर्थन मांगा। पाकिस्तान पीओके के लोगों को ढाल जैसे इस्तेमाल कर रहा मीर यार ने भारतीय मीडिया, यूट्यूबर्स और भारतीय बुद्धिजीवियों से अपील की कि वो बलूचों को पाकिस्तान के लोग न कहें। हम पाकिस्तानी नहीं, बलूचिस्तानी हैं। पाकिस्तान के अपने लोग पंजाबी हैं, जिन्हें कभी हवाई बमबारी, किडनैपिंग या नरसंहार का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओके) पर भारत के रुख का समर्थन किया। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान पर इस इलाके को खाली करने के लिए दबाव डालने की अपील की। मीर यार ने कहा- भारत पाकिस्तानी सेना को हरा सकता है। अगर पाकिस्तान ने ध्यान नहीं दिया, तो खूनखराबे के लिए सिर्फ पाकिस्तानी सेना के लालची जनरल जिम्मेदार होंगे, क्योंकि इस्लामाबाद पीओके के लोगों को ढाल के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। बलूचिस्तान को विदेशी ताकतों की मदद के कब्जा किया गया मीर यार बलूच के मुताबिक दुनिया को बलूचिस्तान पर पाकिस्तान के दावों को स्वीकार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान को विदेशी ताकतों की मदद से जबरन कब्जा किया गया था। बलूचिस्तान में लंबे वक्त से मानवाधिकार हनन हो रहा है। पाकिस्तानी सेना और पुलिस लोगों पर हमले करती है। यहां विदेशी मीडिया की पहुंच बहुत सीमित है, इस वजह से बलूचिस्तान से जुड़ी खबरें बाहर नहीं आ पाती हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) एक संगठन है जो पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की स्वतंत्रता के लिए लड़ रहा है। इसकी स्थापना 2000 के दशक की शुरुआत में हुई और इसे कई देशों द्वारा आतंकी संगठन भी घोषित किया गया है।




## गाजा में बच्चों की मौत के लिए अमेरिका जिम्मेदार, सीनेट बाधित करने के आरोप में कारोबारी कोहेन हिरासत में

**वाशिंगटन, एजेंसी।** एंड जेरी के सह संस्थापक और प्रगतिशील कार्यकर्ता और बेन बेन कोहेन को अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में हिरासत में ले लिया गया है। ये वाकया तब हुआ जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर मेडिकेड में कटौती करने के लिए प्रस्ताव ला रहे थे, उसी दौरान प्रदर्शनकारियों के समूह में शामिल बेन कोहेन ने गाजा में जारी नरसंहार और भुखमरी के शिकार बच्चों के लिए अपना विरोध जताया।

अमेरिकी सीनेट की कार्यवाही के दौरान जब स्वास्थ्य सचिव रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर अपने विभाग के बजट प्रस्ताव की जानकरी दे रहे थे। उसी दौरान कोहेन ने उन्हें रोकते हुए अपना विरोध जताया। कोहेन ने चिल्लाते हुए कहा कि कांग्रेस गाजा में बच्चों को मारने के लिए बम खरीदने के लिए भुगतान करती है, जबकि यहां सांसद निम्न आय वाले परिवारों के लिए स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने सीनेटरों से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि वे इस्राइल पर गाजा में भुखमरी के शिकार बच्चों तक भोजन और रसद पहुंचाने के लिए दबाव डालने की भी अपील की। इसी दौरान, सीनेट में मौजूद सुरक्षा बलों ने कोहेन को रोकते हुए आनन-फानन में उन्हें हथकड़ी पहनाई और सीनेट से बाहर ले गए।



**गाजा मुद्दे पर ट्रंप प्रशासन के खिलाफ कोहेन :** हालांकि कुछ देर बाद कोहेन को रिहा कर दिया गया। अपनी रिहाई के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कोहेन ने गाजा मुद्दे पर अमेरिकी सरकार के कदमों का विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह निंदनीय है कि अमेरिका ने इस्राइल के लिए 20 बिलियन डॉलर को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि अधिकांश अमेरिकी इस बात से नाराज हैं कि उनके पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। कोहेन ने कहा कि हजारों लोगों के नरसंहार को स्वीकार करना और उसमें सहभागी होना, मनुष्य होने के नाते हमारी मूल भावना पर आघात है। साथ ही यह अमेरिका की मान्यताओं के भी खिलाफ है। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका अपने बजट का आधा हिस्सा युद्ध पर खर्च करता है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अगर आप उस धन का आधा हिस्सा भी दुनिया में जीवन को बेहतर बनाने में खर्चेंगे तो जंग नहीं होगी। आगे बोलते हुए बेन कोहेन ने जंग शांत करने के लिए वार्ता और कूटनीति पर जोर दिया।

## भारत की कार्रवाई जरूरी थी, अफगान नेता की दो टूक; पाक-आईएसएस को आतंकवाद का पनाहगार बताया

**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अफगानिस्तान की निर्वासित सांसद मरियम सोलेमंखिल ने ऑपरेशन सिंदूर को वाजिब बताया है। उन्होंने कहा कि भारत का ऑपरेशन सिंदूर जरूरी था, क्योंकि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है और कश्मीर में निर्दोष लोगों की जान लेता है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि भारत ने जो किया वह जरूरी था। पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कश्मीर में घुसपैठ की और निर्दोष लोगों की जान ली। आप इसे इतनी आसानी से नहीं जाने दे सकते। भारत जैसा पलटवार किया, वह बहुत जिम्मेदाराना है। वे आतंकवाद की चौकियों, आतंकवादी शिविरों, उन जगहों पर हमला कर रहे थे, जहां सेना पाकिस्तान में आतंकवादियों को और भी ज्यादा पनपने में मदद कर रही है। अफगान नेता सोलेमंखिल ने कहा कि पाकिस्तान दशकों से झूठ फैला रहा है। सरकार और आईएसआई भी यही काम करते हैं। उन्होंने कहा, भारत उन्हीं मुद्दों को उठा रहा है, जिन पर वह पिछले 77 साल से बोल रहा है। पाकिस्तान वही झूठ फैला रहा है। वह ऑनलाइन ट्रोल फर्मों से, अपने पेड मीडिया प्रवक्ताओं का इस्तेमाल कर रहा है। वे अपने आईएसआई, अपने नेतृत्व, साथ ही अपने विदेश मंत्री से भी वे झूठ फैलवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका को बलि का बकरा बनाता है और आतंकवादियों को पनाह देता है तथा दुनिया को धमकाता है। उन्होंने कहा, वे ध्यान भटका रहे हैं, आतंकवादियों का समर्थन करने, उन्हें तैयार करने, उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर आतंकवादियों को पनाह देने के लिए मजबूर करने के लिए अमेरिका को दोषी ठहरा रहे हैं। दुनिया को परमाणु विनाश की धमकी दे रहे हैं। यह पूरी तरह से हास्यास्पद है। मुझे लगता है कि दुनिया बहुत स्पष्ट रूप से समझ रही है कि भारत कौन है? कैसे वह एक आर्थिक शक्ति है? जो दुनिया के भले के लिए सभी की मदद कर रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने लोगों को भी आतंकवाद से डराता है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान अब आतंकवाद के लिए जाना जाता है। वे अपने ही लोगों के बीच आतंकवाद फैला रहे हैं। बुधवार को बलूच प्रतिनिधि मीर यार बलूच ने क्षेत्र में दशकों से जारी हिंसा, जबरन गायब किए जाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन का हवाला देते हुए पाकिस्तान से स्वतंत्रता की घोषणा की। एक्स पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान के लोगों ने अपना राष्ट्रीय फैसला दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए।



# इंडो-पैसिफिक में पाकिस्तान का इस्तेमाल कर रहा ड्रैगन, भरोसे लायक नहीं: ब्रिटिश लेखक डेविड वेंस

**लंदन, एजेंसी।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पाकिस्तान के समर्थन पर चीन चौतरफा घिरता नजर आ रहा है। अब ब्रिटिश राजनीतिक लेखक डेविड वेंस ने इसे लेकर चीन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए चीन पाकिस्तान का छद्म रूप से इस्तेमाल कर रहा है। उन्होंने चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।

एक साक्षात्कार में डेविड वेंस ने कहा कि चीन इस क्षेत्र में पाकिस्तान को एक प्रॉक्सी के रूप में संचालित करता है। इसलिए, चीन पर किसी भी मामले में भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप को यह समझना चाहिए था। उन्होंने कहा कि ट्रंप को यह समझना होगा कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत चीन के खिलाफ पश्चिम के लिए एक सुरक्षा कवच है। इसलिए जितना संभव हो उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ भारत की मदद करनी चाहिए, यह बेहतर होगा। वेंस ने कहा कि चीन के पाकिस्तान के साथ निहित स्वार्थ हैं और वे हित न को भारत और न ही पश्चिम के साथ मेल खाते हैं।

**तुर्किये की भी की आलोचना :** साक्षात्कार के दौरान वेंस ने पाकिस्तान का समर्थन करने के लिए तुर्किये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जैसाकि मैनें पहले भी कहा है कि पाकिस्तान एक असफल राष्ट्र है उसी तरह तुर्किये भी समस्याग्रस्त है। मुझे हैरानी नहीं हुई अगर एर्दोआन ने भी भारत का विरोध किया। वे मुझे चीन से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। उनसे पहले से ही भारत विरोधी बयानबाजी की उम्मीद की जानी चाहिए और उसे खारिज कर दिया जाना चाहिए।



**ऑपरेशन सिंदूर का पुरजोर समर्थन :** ब्रिटिश लेखक डेविड वेंस ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह लंबे समय से लंबित और जरूरी कदम था। इसे और पहले किया जाना था। वेंस ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर काफी सफल रहा है। मुझे लगता है कि यह भारत द्वारा पाकिस्तान के साथ संघर्ष से कहीं अधिक आतंक के ढांचे पर प्रहार था। यह कुछ ऐसा है जो मैंने 2018 में संयुक्त राष्ट्र में कहा था कि मैं पाकिस्तान को एक विफल, आतंकवादी राज्य और आतंक के पोषण के रूप में मानता हूं। ऐसे में यह अच्छा था कि भारत ने इसके खिलाफ कदम उठाया।

गौरतलब है कि बीते महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था जिसमें 26 लोग मारे गए थे। जिसके बाद भारत ने एक के बाद एक चरणबद्ध कार्रवाई कर पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। सात मई को पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ सटीक हमले किए गए। भारतीय वायुसेना ने बहावलपुर, मुरीदके व मुजफ्फराबाद में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर के नौ आतंकी अड्डों को पलक झपकते ही नेस्तनाबूद कर दिया। 8 मई को पाकिस्तान ने भारत के पश्चिमी राज्यों में बड़े पैमाने पर ड्रोन से जवाबी कार्रवाई की। भारत के बहुस्तरीय वायु रक्षा नेटवर्क, घरेलू आकाश मिसाइल और इस्त्राइली व रूसी रक्षा प्रणालियों ने पाकिस्तान के ड्रोन हमलों। को नाकाम किया। 9 मई को भारत ने छह पाकिस्तानी सैन्य एयरबेस व यूएबी समन्वय केंद्रों पर अतिरिक्त हमले किए। 10 मई को गोलीबारी में अस्थायी रोक लगाई गई। भारत ने इसे युद्धविराम नहीं बल्कि फायरिंग का विराम बताया। यह सिर्फ सामरिक सफलता नहीं थी। यह प्रत्यक्ष गोलीबारी के तहत सैद्धांतिक क्रियान्वयन था।

# आईपीएल में आज केकेआर को हराकर प्लेऑफ में पहुंचने उतरेगी आरसीबी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले शनिवार से फिर शुरु हो रहे है। इसमें पहले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच टक्कर होगी। इस मैच में आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है क्योंकि उसका प्रदर्शन इस सत्र में काफी अच्छा रहा है। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज लय में हैं जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। आरसीबी 11 मैचों में 16 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और इस मैच को जीतकर प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेगी। वहीं दूसरी ओर गत विजेता केकेआर के 12 मैचों में 11 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है और ऐसे में अगर ये मुकाबला वह हारती है या बारिश के कारण ये रद्द होता है तो वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी।

आरसीबी के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पर भी इस मैच में सभी की नजरें रहेंगी। विराट ने इसी सप्ताह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। विराट ने 9 मई को इस सत्र के स्थगित होने से पहले काफी अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप के प्रबल दावेदार हैं। ऐसे में प्रशंसक चाहेंगे कि वह इस मैच में भी अच्छी बल्लेबाजी करें। केकेआर की टीम लगातार दो जीत के साथ इस मैच में उतरेगी। ऐसे में उसका लक्ष्य इस सिलसिले को बनाये रखना होगा। दोनों टीमों पर नजर डालें तो आसीबी के जीतने की अधिक संभावना है। इस मैच के पहले कप्तान रजत पाटीदार के फिट होने से आरसीबी प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। आरसीबी के अधिकतर विदेशी खिलाड़ी भी उससे जुड़ गये हैं। फिल साल्ट, लुंगी एनगिडी, टिम डेविड, लियाम लिविंगस्टोन और रोमारियो शेफर्ड जैसे खिलाड़ी टीम के लिए उपलब्ध हैं हालांकि। देवदत्त पडिक्कल और तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के चोटिल होने के कारण बाहर होने से उसे झटका लगा है।



आरसीबी ने पडिक्कल की जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। वहीं मैच में हालांकि सबकी नजरें कोहली पर होगी। स्टेडियम में भी दर्शक उन्हें खेलते हुए देखना चाहेंगे। ऐसे में इस मैच में विराट के प्रशंसक आरसीबी की जगह टेस्ट की सफेद जर्सी में नजर आयेंगे। दूसरी ओर केकेआर की राह बेहद कठिन है। कप्तान आजिंक्य रहाणे की टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर नजर आयी है। कप्तान रहाणे और अंगकृष रघुवंशी के अलावा को भी बल्लेबाज सत्र में लगातार रन नहीं बना पाया है। टीम के लिए ये मैच इस पार या उस पार वाला है इसलिए उसके सभी खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल और रिंकू सिंह अब तक विफल रहें हैं और अब इन्हें इस मैच में रन बनाने होंगे। टीम को मोईन अली की कमी खलेगी। मोईन बीमार होने के कारण लीग से बाहर हैं।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी** = फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**केकेआर**=अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह, लवनिथ सिसोदिया, क्विंटन डिकॉक, रहमानुल्लाह गुरबाज, सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, वरुण चक्रवर्ती, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, उमरान मलिक, एनरिक नॉर्किया, स्पेंसर जॉनसन।

# आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले तिरुपति मंदिर पहुंचे संजीव गोयनका, मांगीं मन्नतें



**तिरुमाला (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम के मालिक संजीव गोयनका और उनके परिवार ने तिरुपति तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर, जो भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, भारत के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है। संजीव गोयनका और उनके परिवार का मंदिर दर्शन भारतीय प्रीमियर लीग के इस सीजन के फिर से शुरू होने से एक दिन पहले हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले गुरुवार को, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष सीजन से बाहर कर दिया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। 22 वर्षीय यादव को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओ%राउरके ने रिप्लेस किया है। उन्हें पीठ की चोट है।

बयान में कहा गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ%राउरके को मयंक यादव के लिए चोट के प्रतिस्थापन के रूप में शामिल किया है। यादव को पीठ की चोट हुई है और वे सीजन के शेष भाग के लिए बाहर हो गए हैं। ओ%राउरके उन्हें 3 करोड़ रुपये की रिजर्व कीमत पर रिप्लेस करेंगे। राउरके ने न्यूजीलैंड के लिए 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा लिया है, जिसमें 28.60 की औसत से 5 विकेट लिए हैं। 38 टी20 मैचों में, उन्होंने 26.05 की औसत से 37 विकेट लिए हैं।

# इस बार आरसीबी जीतेगी आईपीएल 2025 का खिताब: कैफ



**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की टीम आईपीएल खिताब जीतेगी। कैफ का मानना है कि इस बार आरसीबी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। ऐसे में टीम के पास अपना पहला खिताब जीतने का सुनहरा अवसर है। आरसीबी के सभी खिलाड़ियों विशेषकर स्टार खिलाड़ी विराट कोहली का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है जिसका लाभ भी टीम को मिलेगा।

इस सत्र में शुरुआत से ही आरसीबी ने जीत का सिलसिला बनाये रखा है जिससे वह 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। कोहली वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में शामिल हैं। कैफ ने कहा कि, अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें तो वे बेहतरीन रहे हैं। मैं टीम शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं। इस बार कप्तान रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। इससे टीम 170-180 के स्कोर का भी बचाव करने में सफल रही है। कोहली ने वही करना जारी रखा है जो वह सबसे अच्छा करते हैं। आईपीएल के दौरान उनका बल्ला कभी खामोश नहीं रहता है लेकिन गेंदबाजों ने उन्हें ये विश्वास दिलाया है कि वे जीत सकते हैं।

# रोहित शर्मा ने मां-बाप से करवाया वानखेड़े स्टेडियम में अपने नाम के स्टैंड का उद्घाटन

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में रोहित शर्मा स्टैंड का उद्घाटन किया, जो भारत के वनडे कप्तान और मुंबई इंडियंस के दिग्गज खिलाड़ी को क्रिकेट में उनके विशाल योगदान के लिए सम्मानित करता है। डिवेचा पवेलियन लेवल 3 को अब रोहित शर्मा के नाम से जाना जाएगा, जिससे वह सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, दिलीप वेंगसरकर और विजय मर्चेंट जैसे क्रिकेट दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं, जिनके नाम पर इस स्टेडियम में स्टैंड हैं। रोहित के साथ-साथ पूर्व भारतीय कप्तान अजीत वाडेकर (ग्रैंड स्टैंड लेवल 4) और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष शरद पवार (ग्रैंड स्टैंड लेवल 3) के नाम पर भी स्टैंड समर्पित किए गए। एमसीए ने अपनी 86वीं वार्षिक आम बैठक में यह तय किया था।




पहले यह समारोह 13 मई को होना था लेकिन भारत-पाकिस्तान सीमा तनाव के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। युद्धविराम लागू होने और आईपीएल के 17 मई को फिर से शुरू होने के साथ, यह आयोजन रोहित की विरासत के भव्य उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। स्टैंड की पहली झलक, जो स्टेडियम के पूर्वी हिस्से में स्थापित की गई थी, औपचारिक अनावरण से पहले सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। रोहित, जिन्होंने 7 मई 2025 को 67 टेस्ट मैचों में 4,301 रन बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, ने इस सम्मान पर गहरी भावना व्यक्त की और इसे 'अवास्तविक अनुभव' बताया। उन्होंने अपने बचपन के संघर्षों को याद किया, जब वह अंडर-16 क्रिकेटर के रूप में वानखेड़े में प्रवेश नहीं कर पाते थे, जिससे एमसीए अधिकारियों और उनके परिवार की उपस्थिति में यह श्रद्धांजलि और भी मार्मिक बन गई।

रोहित का वानखेड़े से गहरा नाता है: उन्होंने इस मैदान पर 11 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 402 रन बनाए हैं और टी20 में 2,543 रन बनाए हैं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई इंडियंस के लिए हैं, जहां उन्होंने फ्रेंचाइजी को 5 आईपीएल खिताब दिलाए। टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उनकी कप्तानी में मिली जीत ने उनकी विरासत को और मजबूत किया, जिसके चलते एमसीए ने उन्हें उनके घरेलू मैदान पर अमर कर दिया। प्रशंसक 21 मई 2025 को वानखेड़े में मुंबई इंडियंस के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान रोहित शर्मा स्टैंड से उनके लिए उत्साहवर्धन करने की उम्मीद कर रहे हैं।

## अपने नाम का स्टैंड बनने के बाद वानखेड़े पर खेलना खास होगा : रोहित शर्मा



मुम्बई । वानखेड़े स्टेडियम पर अपने नाम के स्टैंड के उद्घाटन के बाद भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने कहा कि भारत की जर्सी में अब इस मैदान पर एक दिवसीय क्रिकेट खेलने का अनुभव खास होगा। मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम पर रोहित, भारत के पूर्व कप्तान अजित वाडेकर और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार के नाम के स्टैंड का उद्घाटन किया। सात मई को टेस्ट क्रिकेट से विदा लेने वाले रोहित ने कहा कि जो आज हो रहा है, वह मैने कभी सोचा भी नहीं था। आप कई उपलब्धियां हासिल करने की कोशिश करते हैं लेकिन यह कुछ खास है क्योंकि वानखेड़े स्टेडियम अलग है और यहां कई यादें बनी हैं। उन्होंने कहा कि यहां खेल के दिग्गजों और दुनिया के सर्वश्रेष्ठ राजनेता के बीच मेरा नाम होना, मैं अपने जज्बात व्यक्त नहीं कर सकता। मैं बहुत आभारी हूं। पिछले साल भारत को विश्व कप दिलाने के बाद टी20 क्रिकेट से विदा ले चुके रोहित ने कहा कि मैं अभी भी खेल रहा हूं और दो प्रारूप से विदा ली है। जब 21 तारीख को (मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल) यहां खेलूंगा और मेरे नाम का स्टैंड होगा तो खास होगा। भारत के लिए यहां खेलना काफी खास होगा। उन्होंने अपने पूरे कैरियर में उनके लिये कई बलिदान देने वाले परिजनों को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मेरा परिवार, माता पिता, भाई और पत्नी यहां है।

## इस कारण विराट ने लिया होगा संन्यास : नासिर हुसैन



लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उनका प्रदर्शन हमेशा शीर्ष स्तर का रहा है। इसलिए जब उन्हें लगा कि अब वह सौ फीसदी नहीं दे सकते तो उन्होंने खेल को अलविदा कह दिया। हुसैन के अनुसार किसी भी सामान्य चीज से संतुष्ट न होने की भावना ने ही शायद उन्हें संन्यास के लिये प्रेरित किया होगा। हुसैन ने कहा, 'वह चैम्पियन है। वह जीत का लक्ष्य लेकर ही खेलता है और उसके लिए बेचैन रहता है। कोहली के लिए सब कुछ जीतने के बारे में ही है। इसलिए तो लक्ष्य का पीछा करने में वह माहिर है। अगर वह 100 फीसदी नहीं दे सकता होगा तो मैदान पर नहीं उतरेगा। वह हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने ही उतरता है। हुसैन ने कहा, 'हो सकता है कि उसने संन्यास का फैसला भी इसलिए ही लिया हो। वह आम क्रिकेटर नहीं बनना चाहता। वह कुछ खास करना चाहता है। उसने भारत को वह ताकत बनाया जो वह आज है। उन्होंने कहा, 'मैं पिछले 14 साल से कोहली का बड़ा प्रशंसक रहा हूं। उसके आंकड़े स्वयं उनके बारे में कहते हैं पर वह आंकड़ों से बहुत आगे कुछ है। उसकी शख्सियत, स्वैग और जुनून है। हम भारतीय क्रिकेटप्रेमियों को जानते हैं और क्रिकेट उनके लिए बहुत मायने रखता है।

# न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हेसन बने पाक टीम के कोच



लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक हेसन को अपनी सीमित ओवरों की टीम का नया कोच बनाया है। पीसीबी ने कहा है की कि हेसन पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) समाप्त होने के बाद 26 मई को टीम से जुड़ेंगे। इस वर्ष की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी में खराब प्रदर्शन से भी पीसीबी पर बेहतर कोच रखने का दबाव था। इस पद के लिए कुल सात उम्मीदवारों ने आवेदन प्रस्तुत किए थे, जिनमें चार विदेशी कोच शामिल थे। हेसन अभी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएएल) के गत विजेता इस्लामाबाद यूनाइटेड के मुख्य कोच हैं। वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी कोच रहे हैं। पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने कहा कि हेसन अपने साथ अंतरराष्ट्रीय अनुभव लेकर आए हैं और प्रतिस्पर्धी टीमों को बेहतर तरीके से विकसित करने का उनका एक अच्छा रिकॉर्ड है। नकवी ने कहा, हम पाकिस्तान के सफेद गेंद वाले क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हेसन 2023 के बाद से पाकिस्तान टीम के कोच बनने वाले पांचवें विदेशी हैं। उनसे पहले ग्रांट ब्रैडबर्न, मिकी आर्थर, साइमन हेलमेट, गैरी कर्स्टन और गिलेस्पी भी कोच रहे थे पर इन्हें बीच में ही कामकाज छोड़ना पड़ा था। अन्य लोगों ने इस बात के संकेत देते हुए इस्तीफा दे दिया कि वे पीसीबी की कार्यप्रणाली और उनके साथ संबंधों से खुश नहीं थे। पीसीबी ने पुरुष टीम के साथ अपनी सहायक टीम में लगातार बदलाव किए हैं, जिसमें मुख्य कोच का अहम पद भी शामिल है।

# शुभमन गिल को अभी समय चाहिए, रविंद्र जडेजा बना सकते हैं कप्तान: अश्विन

**चेन्नई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट कप्तानी के लिए अपने लंबे समय के स्पिन जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का नाम सुझाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर गुरुवार को यह राय जाहिर की।

अश्विन ने कप्तानी के दावेदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ स्पष्ट विकल्प हैं, लेकिन मैं रवींद्र जडेजा का नाम भी जोड़ना चाहूंगा। कप्तान या उप-कप्तान की चर्चा से पहले खिलाड़ी का प्लेइंग इलेवन में होना जरूरी है। जडेजा एक स्वाभाविक चयन हैं। उन्होंने आगे कहा कि जडेजा टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर नए खिलाड़ी को दो साल तक तैयार कर कप्तान बनाया जा सकता है, तो जडेजा भी दो साल तक यह भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें उप-कप्तान के रूप में भी आजमाया जा सकता है।



36 वर्षीय जडेजा ने 80 टेस्ट में 3,370 रन (34.74 की औसत, 4 शतक, 22 अर्धशतक) और 323 विकेट लिए हैं। हालांकि, जडेजा ने भारत के लिए किसी भी प्रारूप में कप्तानी नहीं की है। उन्होंने 2022 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की थी, लेकिन 8 में से केवल 2 मैच जीतने के बाद बीच सीजन में एमएस धोनी को कप्तानी सौंप दी थी।

अश्विन ने शुभमन गिल को कप्तानी के लिए लोकप्रिय नाम बताया और उनकी तुलना 2003 में 22 साल की उम्र में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान बने ग्रीम स्मिथ से की। उन्होंने कहा, 'अगर गिल गुजरात टाइटंस को आईपीएल प्लेऑफ में ले जाते हैं, तो उनकी कप्तानी में बदलाव आसान हो सकता है।' गिल की अगुआई में गुजरात टाइटंस 8 जीत और 3 हार के साथ 16 अंकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है।

जसप्रीत बुमराह की कप्तानी पर अश्विन ने कहा कि मुझे निराशा है कि बुमराह को कप्तानी नहीं मिली। वह राष्ट्रीय संपत्ति हैं। उनकी एक बड़ी सर्जरी हो चुकी है। मुझे आश्चर्य होगा अगर वह पांच टेस्ट लगातार खेलें। उन्हें रिकवरी के लिए ब्रेक चाहिए। बुमराह ने भारत के लिए 3 मैचों में कप्तानी की है, जिसमें 2024-25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में पर्थ में 295 रनों की जीत उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# प्लेऑफ में बटलर की जगह मेंडिस गुजरात टाइटंस की ओर से खेलेंगे



मुम्बई। आईपीएल के बचे हुए सत्र में गुजरात टाइटंस की टीम को आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर के बिना ही खेलना होगा। बटलर ने इस सत्र में अब तक टीम की और से करीब 500 रन बनाये हैं और ऐसे में उनका प्लेऑफ के लिए नहीं होना टीम के लिए बड़ा झटका होगा। उनके नहीं होने से टीम को एक शीर्ष स्तर के विकेटकीपर के बिना ही खेलना होगा। अब श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस उनकी जगह लेंगे। मेंडिस को सीधे ही अंतिम 11 में जगह मिलना तय है, क्योंकि गुजरात के पास अन्य विकेटकीपर नहीं हैं। टीम के पास अन्य विकेटकीपर के तौर पर अनकैप्ड अनुज रावत ही हैं। आईपीएल 2025 के 17 मैच 17 मई से 3 जून के बीच खेला जाएगा। इस बीच इंग्लैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। जोस बटलर को दोनों सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में चुना गया है। यही कारण है कि वह आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में नहीं खेल पाएंगे। गुजरात टाइटंस 11 मैचों में 16 अंकों के साथ मौजूदा अंक तालिका में टॉप पर है और क्वालिफिकेशन हासिल करने से एक जीत दूर है।

# मिचेल स्टार्क देश भक्ति सबसे ऊपर, दिया आईपीएल 2025 को कोरा जवाब, एक तिहाई वेतन भी छोड़ेंगे

**सिडनी (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इनकार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जाएंगे। सनराइजर्स हैदराबाद फाइनल की रेस से बाहर हो चुकी है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जाएगी।

वहीं, ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाए तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है।



उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

# रोहित–कोहली के संन्यास के बाद भी भारतीय टीम वापसी करेगी : मांजरेकर

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने कहा है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर ज्यादा परेशान होने की जरुरत नहीं है। मांजरेकर के अनुसार टीम में कई युवा प्रतिभाएं हैं जो इनकी जगह ले सकती हैं। उन्होंने कहा कि जब सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, वीवीएस लक्ष्मण और सौरव गांगुली जैसे खिलाड़ियों के अलविदा कहने का समय आया तब इसी प्रकार की चिन्ता जतायी जा रही थी पर युवाओं ने अपने प्रदर्शन से उनकी कमी पूरी की जिससे भारतीय क्रिकेट ने शानदार वापसी की। मांजरेकर ने काह, 'मैं जानता हूं कि प्रशंसक चिंतित होंगे। फैब फोर के संन्यास के बाद भी ऐसी ही चिंता थी। लेकिन कुछ साल बाद भारत दुनिया की नंबर एक टेस्ट टीम बना। उन्होंने लिखा, 'जब तक भारत में खेल लोकप्रिय हैं और कई प्रतिभाशाली युवा खेलने के लिए सामने आ रहे हैं तो टीम को अच्छे खिलाड़ी मिलते रहेंगे। भारतीय टीम में जगह हासिल करना आसान नहीं होता और जो भी यहां तक पहुंचता है उसमें प्रतिभा होती ही है। मांजरेकर ने कहा, 'इसमें समय लगेगा पर डरने की जरूरत नहीं है। पहले स्टार खिलाड़ियों के जाने के बाद हमारी गेंदबाजी बेहतर हुई। यहां भी ऐसा हो सकता है। नए सितारे आएंगे और नये गेंदबाज भी। भारतीय टीम दुनिया की शीर्ष टीमों में बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम को इस नजरिये से भी देखा जा सकता है जिसमें विराट और रोहित टीम के होते हुए भी टीम को न्यूजीलैंड से 3–0 से और उसके बाद ऑस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था। युवाओं से भरी होने वाली टीम के मारे पास खोने के लिए कुछ नहीं है इसलिए वह निडर होकर खेलेगी।



# हमने ट्रेनिंग नहीं रोकी क्योंकि जानते थे आईपीएल दोबारा शुरू हो जाएगा : मनीष पांडे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सैन्य तनाव के कारण आईपीएल के रुकने के दौरान भी टीम ने प्रशिक्षण और मैच की तैयारियों को नहीं रोका, क्योंकि उन्हें लीग के फिर से शुरू होने का पूरा भरोसा था। उन्होंने बताया कि यह छोटा ब्रेक केकेआर को अपनी लय दोबारा हासिल करने में मदद कर सकता है। केकेआर शनिवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने के लिए करो-या-मरो का मुकाबला खेलेगी।

पांडे ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह ब्रेक ज्यादा फर्क नहीं डालता, क्योंकि पेशेवर क्रिकेटरों के तौर पर हम जानते हैं कि क्या करना है। हमें यकीन था कि टूर्नामेंट फिर शुरू होगा, भले ही समय का पता नहीं था। अच्छा रहा कि लंबा ब्रेक नहीं हुआ। हम जिम में थे, अपने खेल पर काम कर रहे थे। पूरी टीम तैयार है और हम एक शानदार मैच की उम्मीद कर रहे हैं।

आरसीबी के खिलाफ हार केकेआर की नॉकआउट की राह को बंद कर सकती है, लेकिन पांडे इसे दबाव नहीं मानते। उन्होंने कहा कि अब खोने को कुछ नहीं है। हमने सोचा था कि हम बेहतर टूर्नामेंट खेल सकते थे, लेकिन बीच में कुछ मैच हार गए। उन अहम मैचों को याद करके लगता है कि काश हमने उन्हें जीता होता। फिर भी, 2 मैच बाकी हैं और हर खिलाड़ी प्रदर्शन के लिए बेताब है।

केकेआर की इस सीजन में असंगत प्रदर्शन की वजह पिछले साल की तरह लगातार जीत न हासिल कर पाना रहा। पांडे ने कहा कि पिछले साल हम लगातार मैच जीत रहे थे, जो आईपीएल में जरूरी है। इस बार एक जीत के बाद हार का सिलसिला रहा। बल्लेबाजी ठीक रही, गेंदबाजी शानदार थी, लेकिन दोनों में थोड़ी असमानता रही। उम्मीद है, अगले साल मजबूत कोर के साथ हम फिर जीत की लय पकड़ेंगे।

पांडे ने इस ब्रेक को सकारात्मक माना, जो आखिरी दो मैचों में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने घर जाकर अपने वीडियो देखे और कमियों पर काम किया। यह ब्रेक फायदेमंद रहा। हमारी उम्मीद है कि बचे हुए दोनों मैच जीतकर हम टूर्नामेंट को शानदार अंदाज में खत्म करें।



विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्ध नगर
शनिवार 17 मई 2025
Www.vishalindia.in

# आरबीआई आगामी महीनों में कर सकता है रेपो रेट में कटौती

**मुंबई।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आने वाले महीनों में ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। सूत्रों से` मिली जानकारी के मुताबिक जून से दीपावली (20 अक्टूबर) तक रेपो रेट में कुल 0.50 फीसदी की कटौती की संभावना है। इस कटौती का सीधा असर होम लोन, कार लोन और अन्य कर्जों की ईएमआई को भी प्रभो वित करेगा। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक 4 से 6 जून के बीच होने वाली है, जिसमें 0.25 फीसदी की कटौती लगभग तय मानी जा रही है। इसके बाद 5 से 7 अगस्त या फिर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर के बीच होने वाली बैठक में एक और 0.25 फीसद ी की कटौती की संभावना है। रेपो रेट में अब तक 0.50 फीसदी की कटौती हो चुकी है। आरबीआई ने इस वर्ष फरवरी से दरों में कटौती शुरू की थी और अब तक दो बैठकों में कुल 0.50 फीसदी की कटौती कर रेपो रेट को 6 फीसदी तक ला चुका है। यदि आगामी दो बैठकों में और कटौती होती है, तो यह दर और सस्ती हो जाएगी, जिससे उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज मिलेगा और आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। एसबीआई सिक्योरिटीज के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि रेट कट के लिए सभी आर्थिक कारक अनुकूल हैं। महंगाई काबू




में है, मानसून सामान्य रहने के संकेत हैं और जीडीपी स्थिर बनी हुई है। खुदरा महंगाई जुलाई 2019 के बाद सबसे निचले स्तर पर है। ऐसे में ब्याज दरों में कटौती की पूरी संभावना है।

# भारत की निर्यात क्षमता वित्त वर्ष 2024-25 में 50 प्रतिशत से अधिक

### इंजीनियरिंग उत्पादों की सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत हिस्सेदारी




**नई दिल्ली।**

भारत की निर्यात क्षमता इस वित्त वर्ष में कृषि, औषधि, इलेक्ट्रॉनिक और इंजीनियरिंग सामानों की हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि करते हुए जारी है, जैसे कि सरकारी आंकड़े दर्शाते हैं। इस महत्वपूर्ण वृद्धि के दौरान, इंजीनियरिंग उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जो सबसे अधिक 26.67 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखते हैं। उन्हें खासी वृद्धि की गई है और इससे स्पष्ट होता है कि भारतीय उत्पादों की मांग वृद्धि कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक सामानों के क्षेत्र में भी 32.46 प्रतिशत की वृद्धि शानदार है, जो अमेरिकी डॉलरों में वृद्धि करके 38.58 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। इस बड़ी वृद्धि के साथ बाजारों में भारतीय उत्पादों की मांग और पसंद दिखा रही है। दवाएँ और औषधि का निर्यात भी बढ़ रहा है, जिससे भारत और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के बीच संबंध मजबूत हो रहे हैं। कृषि सेक्टर में भी अच्छी वृद्धि देखने को मिल रही है, जैसे कि चावल, सब्जियों, फलों और समुद्री उत्पाद का निर्यात बढ़ रहा है। चीन, यूएई, बांग्लादेश और थाईलैंड जैसे देश इसके मुख्य आयातक हैं, जो भारत के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ा रहे हैं। इसी तरह, भारत ने चाय, कॉफी, तंबाकू और अन्य उत्पादों का भी वृद्धि दर्ज की है, जिससे उसका निर्यात मानक संभाले रखने में मदद मिलेगी। इस वृद्धि के साथ भारतीय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय मांग और महत्व और बढ़ चुकी है, जिससे भारत के निर्यात क्षमता में सुधार हो रहा है।

# इंडिगो एयरलाइंस भी अब तुर्की के साथ कोडशेयर साझेदारी को लेकर निशाने पर

### लोगों ने सोशल मीडिया पर एयरलाइन से तुर्की के साथ समझौता तोड़ने की अपील की

**नई दिल्ली।**

तुर्की द्वारा पाकिस्तान को मदद करने के बाद से ही भारत में 'बॉयकाट तुर्की' अभियान चल पड़ा है। तुर्की ने पाकिस्तान को हथियार सप्लाई किए, इसके बाद से देशभर में तुर्की के खिलाफ नाराजगी और गुस्सा है। इंडिगो एयरलाइंस भी अब तुर्की एयरलाइंस के साथ अपने कोडशेयर साझेदारी को लेकर निशाने पर आ गई है। बहुत से लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से एयरलाइन से तुर्की एयरलाइंस के साथ अपने इस समझौते को तोड़ने की अपील की है। यही वजह है कि अब इंडिगो को अब अपने इस समझौते के बचाव में खुलकर सामने आना पड़ा है। इंडिगो ने दलील दी है कि यह समझौता भारतीय यात्रियों और इंडियन इकोनॉनी, दोनों के लिए फायदेमेंद है। कोडशेयर समझौता ऐसा एग्रीमेंट है जिसमें दो या दो से अधिक एयरलाइंस एक ही उड़ान के लिए एक ही विमान का इस्तेमाल करती हैं, लेकिन प्रत्येक एयरलाइन अपनी ब्रांडिंग और टिकट बिक्री करती है। इंडिगो और तुर्की एयरलाइंस के बीच कोडशेयर समझौता एक ऐसी व्यवस्था है जिसके तहत यात्री दोनों एयरलाइनों में से किसी के माध्यम से टिकट बुक करके साझा गंतव्यों के नेटवर्क में उड़ान भर सकते हैं। इं डिगो ने एक बयान जारी कर कहा कि यह साझेदारी भारतीय यात्रियों और देश की अर्थव्यवस्था, दोनों के लिए फायदेमंद है। एयरलाइन ने बताया कि भारत और तुर्किये के बीच हुए द्विपक्षीय एयर सर्विस एग्रीमेंट के तहत दोनों देशों की एयरलाइंस को सप्ताह में 56 फ्लाइट्स तक संचालित करने की अनुमति है। एयरलाइन ने जोर दिया कि यह व्यवस्था खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बढ़े हुए अंतरराष्ट्रीय किरायों के बीच भारतीय यात्रियों को सस्ता और सुगम विकल्प देती है। खासकर छोटे शहरों से दो स्टॉप कनेक्शन के जरिए उड़ान भरने वालों के लिए। इंडिगो ने कहा` कि कोडशेयर ने इंडिगो को यूरोप और अमेरिका के लंबी दूरी वाले बाजारों में अपनी उपस्थिति बनाने में मदद की है। यह भविष्य में आत्मनिर्भरता की नींव रखता है। हालांकि सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इस साझेदारी पर नाराज़गी जाहिर की है और इंडिगो से तुर्की एयरलाइन से दूरी बनाने की मांग की है।

# अल्काटेल धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।**

भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अल्काटेल कंपनी अपनी धमाकेदार वापसी करने के लिए तैयार है। अल्काटेल का प्रथम स्मार्टफोन अल्काटेल वी3 अल्ट्रा 27 मई को लॉन्च किया जाएगा। कंपनी ने लॉन्च डेट की पुष्टि कर दी है। अल्काटेल की भारतीय वापसी का नेतृत्व कर रहे माधव सेठ ने इस फोन की पहली झलक एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर की थी, जिसमें फोन के ब्लैक बॉक्स वेरिएंट की तस्वीर भी दिखाई गई थी। अल्काटेल वी3 अल्ट्रा को एक आई-कम्फोर्ट डिस्प्ले और पेन सपोर्ट जैसे यूनिक फीचर्स के साथ पेश किया जाएगा। कंपनी ने अपने लॉन्च पोस्टर से फोन के बैक डिज़ाइन की भी जानकारी दी है, जिसमें सर्कुलर कैमरा मोड्यूल और तीन कैमरा सेंसर के साथ एक एलईडी फ्लैश नजर आता है। इसके अलावा, रियर साइड पर पावर बटन, वॉल्यूम रॉकर और एक एक्स्ट्रा बटन भी दिखाई दे रहा है, जो शायद नेक्स्टपेपर की की तरह काम करेगा। फोन के फ्रंट में सेंटर पंच-होल डिस्प्ले दिया गया है और बॉक्स पर स्टाइलस का सिल्हूट भी नजर आ रहा है, जिससे स्टाइलस सपोर्ट की पुष्टि हो चुकी है। इसके साथ ही, फोन में रीड, वॉच, स्क्रॉल और क्रेट जैसे मल्टीपल मोड्स का सपोर्ट मिलेगा। अल्काटेल वी3 अल्ट्राको प्रीमियम फीचर्स के साथ मिड-रेंज या प्रीमियम सेगमेंट में लॉन्च किया जा सकता है, जो मोटोरोला एग्ज 50 स्टालस का एक मजबूत विकल्प बन सकता है।

अल्काटेल इंडिया के अनुसार, यह स्टाइलस यूजर्स को स्केचिंग, हाइलाइटिंग, नोट्स लिखने और डिजिटल साइन जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा, हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि यह स्टाइलस बॉक्स में मिलेगा या अलग से खरीदा जाएगा।अल्काटेल वी3 अल्ट्राकी ईवायई- कम्फर्ट डिस्प्ले तकनीक यूजर्स को आंखों को कम थकान के साथ बेहतर व्यूइंग एक्सपीरियंस देने का वादा करती है।

# एयरटेल ने दुनिया का पहला फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन किया लॉन्च

### अब रियल टाइम में सभी कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म्स - ईमेल, ओटीटी और एसएमएस पर ब्लॉक होंगे फ्रॉड वेबसाइट्स

**इन्दौर।**

स्पैम के खिलाफ अपनी लगातार लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए, एयरटेल ने एक अत्याधुनिक समाधान लॉन्च किया है, जो सभी कम्युनिकेशन ओवर - द - टॉप (ह्लञ्जञ्ज) ऐप्स और प्लेटफॉर्म्स- जैसे ईमेल, ब्राउज़र, व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम, एसएमएस आदि, पर फ्रॉड और मैलिशियस वेबसाइट्स को रियल टाइम में पहचान कर ब्लॉक कर देगा। यह सुरक्षित सेवा सभी एयरटेल मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के स्वचालित रूप से सक्रिय कर दी जायेगा द्य जब कोई ग्राहक ऐसी वेबसाइट खोलने की कोशिश करता है, जिसे एयरटेल की सिक्योरिटी सिस्टम ने 'मैलिशियस' के रूप में फ़्लैग किया है, तो उस वेबसाइट का पेज लोड नहीं होता, इसके बजाय, ग्राहक को एक नए पेज पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जहां ब्लॉक किए जाने का कारण स्पष्ट रूप से बताया जाता है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के देशभर में तेजी से विस्तार के चलते ऑनलाइन फ्रॉड का खतरा हर दिन बढ़ रहा है, जिससे उपभोक्ताओं पर गंभीर जोखिम मंडरा रहा है। हाल के दिनों में ऐसे खतरों में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। फ्रॉड स्कीमें अब केवल ओटीपी या फर्जी कॉल तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि हालिया रिपोर्ट्स बताती है कि लाखों लोग अब मैलिशियस ऑनलाइन स्कैम्स का शिकार हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, एयरटेल ने एक एआई -आधारित, मल्टी-लेयर इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जो ग्राहकों को सभी प्रकार के स्कैम और फ्रॉड से सुरक्षा प्रदान करेगा। यह अत्याधुनिक थ्रेट डिटेक्शन सिस्टम सभी प्लेटफॉर्म्स पर डोमेन फ़िल्टरिंग करेगा और डिवाइसेज़ पर इन लिंक्स को ब्लॉक करेगा। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डाइरेक्टर गोपाल विट्टल ने कहा, ÷पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसे मामले देखे, जहां खतरे से अंजान ग्राहकों को चतुर अपराधियों ने उनकी मेहनत की कमाई को ठगा। हमारे इंजीनियरों ने इस समस्या का हल खोजने के लिए फ्रॉड डिटेक्शन सॉल्यूशन तैयार किया है। हमें विश्वास है कि यह समाधान हमारे ग्राहकों को इंटरनेट ब्राउज़ करते समय सुरक्षा का पूरा भरोसा देगा और स्कैम का डर खत्म करेगा।

## जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर घटकर 0.7 प्रतिशत

**तोक्यो।**

जापान की अर्थव्यवस्था की वार्षिक वृद्धि दर 2025 की पहली तिमाही में घटकर 0.7 प्रतिशत रह गई। मंत्रिमंडल कार्यालय के शुक्रवार को जारी मौसमी रूप से समायोजित प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद जनवरी-मार्च में अक्टूबर दिसंबर 2024 की तुलना में अपेक्षा से अधिक 0.2 प्रतिशत सिकुड़ गया। एक साल में पहली बार इसमें संकुचन दर्ज किया गया। जापान की अर्थव्यवस्था 2024 की अंतिम तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में 2.4 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी थी। निर्यात में 2.3 प्रतिशत की वार्षिक दर से गिरावट आई। उपभोक्ता व्यय स्थिर रहा, जबकि पूंजी निवेश में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अमेरिकी शुल्क से जापान के बड़े निर्यातकों, खास तौर पर मोटर वाहन विनिर्माताओं को नुकसान होने की आशंका है। न केवल जापान से भेजे जाने वाले उत्पादों के लिए, बल्कि मेक्सिको और कनाडा जैसे अन्य देशों से भीज। अधिकारियों ने माना कि प्रतिक्रिया की योजना बनाना एक चुनौती है क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना रुख बदलते रहते हैं।




## जेएसडब्ल्यू एनर्जी का मुनाफा 20.05 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।**

विद्युत उत्पादक कंपनी जेएसडब्ल्यू एनर्जी का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 414.51 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में उसे 414.51 करोड़ रुपये का सकल मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की इसी तिमाही के 345.27 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.05 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसकी कुल आय 2,879.35 करोड़ रुपये से 21.5 प्रतिशत बढ़कर 3,497.39 करोड़ रुपये हो गई। इसी तरह उसका कुल व्यय भी 2,547.28 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,142.05 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

## सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग में 21.5 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य

### कंपनी के मुनाफे में 101.2 करोड़ रुपये की वृद्धि

**नई दिल्ली।**

रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अपने बिक्री बुकिंग 21.5 प्रतिशत बढ़ाकर 12,500 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। इसके` लिए कंपनी ने कई आवासीय परियोजनाएं शुरू करने की योजना बनाई है। सिग्नेचर ग्लोबल के चेयरमैन ने कहा` कि वित्त वर्ष 2024-25 हमारे व्यवसाय संचालन के सभी पहलुओं में असाधारण रूप से सफल रहा है। निवेशक प्रस्तुति के अनुसार गुरुग्राम स्थित कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बिक्री बुकिंग (प्री-सेल) के लिए 12,500 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया है। सिग्नेचर ग्लोबल ने वित्त वर्ष 2025-26 में बिक्री में 20 प्रतिशत की वृद्धि करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने अपने लंबी अवधि के उद्देश्य को बनाए रखने की भी बात की। सिग्नेचर ग्लोबल ने समूचे वित्त वर्ष 2024-25 में अपनी बिक्री बुकिंग को 42 प्रतिशत बढ़ाकर रिकॉर्ड 10,290 करोड़ रुपये तक पहुंचाया। कंपनी के मुनाफे में भी 101.2 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। यह उनके व्यापक विस्तार और मांग की मजबूती को दर्शाता है। सिग्नेचर ग्लोबल का यह उद्यम रियल एस्टेट उद्योग में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने गुरुग्राम में कई परियोजनाएं विकसित की हैं और कई और निर्माणाधीन हैं, जो अगले वर्षों में उनके लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगी।

## टेलीकॉम वार में जियो निकला एयरटेल से आगे, कई मामलों में बेहतर


**मुंबई।**

देश की दो प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों एयरटेल और रिलायंस जियो के बीच प्रतिस्पर्धा तेज होती जा रही है। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में भारती एयरटेल ने मामूली 0.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 36,735 करोड़ रुपये का राजस्व पाया। वहीं, जियो ने इसी अवधि में 2.3 प्रतिशत की तिमाही दर तिमाही वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन किया है। राजस्व के अलावा भी कई प्रदर्शन मापदंडों पर जियो ने एयरटेल को पीछे छोड़ दिया है। बीते एक साल में जियो ने जहां 20.6 मिलियन नए यूजर्स जोड़े, वहीं एयरटेल सिर्फ 4.3 मिलियन ग्राहक ही जोड़ सकी। इसके साथ जियो का कुल ग्राहक आधार 488.2 मिलियन तक पहुंच गया है, जबकि एयरटेल अभी 424 मिलियन यूजर्स तक ही सीमित है। ग्राहक जुड़ाव यानी कस्टमर एंगेजमेंट के मामले में भी जियो ने बाजी मारी है। जियो का प्रति ग्राहक औसत डेटा उपयोग सालाना 17.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 33.5 जीबी प्रति माह हो गया है, जबकि एयरटेल का यह आंकड़ा सिर्फ 11.1 प्रतिशत बढ़त के साथ 25.1 जीबी तक पहुंच सका है। वॉइस यूसेज में भी जियो आगे निकल गया है। एयरटेल को जहां सालाना सिर्फ 0.4 प्रतिशत की वृद्धि मिली, वहीं जियो ने 3 प्रतिशत की दर से ग्रोथ दर्ज की। ब्रॉडबैंड और फिक्स्ड लाइन सेगमेंट में जियो का प्रदर्शन और भी प्रभावशाली रहा है। वित्तीय साल 25 में जियो ने 6.4 मिलियन नए घरों को फिक्स्ड लाइन सेवा से जोड़ा, जबकि एयरटेल इस मामले में 2.4 मिलियन तक ही सीमित रह गया। फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) कैटेगरी में भी जियो का दबदबा दिखा। इस क्षेत्र में जियो ने 5 मिलियन नए कस्टमर्स को जोड़ा है, जबकि एयरटेल सिर्फ 1.1 मिलियन नए ग्राहक ही जोड़ पाया।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुंबई।**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली वाली रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 200 अंक नीचे आकर 82,330.59 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.30 तकरीबन 0.17 फीसदी टूटकर 25,019.80 पर बंद हुआ.




आज के कारोबार के दौरान निफ्टी पर भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज ऑटो, अदानी एंटरप्राइजेज, टाटा कंज्यूमर, इटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे जबकि भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, एसबीआई, एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर गिरे। वहीं बीएसई मिडकैप इंडेक्स में 0.8 फीसदी की तेजी रही जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 1 फीसदी की बढ़त रही। सेक्टरों में मीडिया, पावर, पीएसयू, रियल्टी, कैपिटल गुड्स इंडेक्स में 1-1.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि आईटी इंडेक्स करीब एक फीसदी नीचे आया।

इससे पहले आज सुबह बाजार सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन ` गिरावट के साथ खुला। शुरुआत कारोबार में आईटी, वित्तीय सेवाओं और फार्मा सेक्टर में बिकवाली रही। सुबह शुरुआत के बाद सेंसेक्स 231.64 अंक की गिरावट के साथ 82,299.10 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 49.95 अंक की गिरावट के साथ 25,012.15 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी बैंक 52.40 अंक की गिरावट के साथ 55,303.20 पर कारोबार कर रहा था।

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 169.20 अंक की बढ़त के साथ 56,700.05 पर कारोबार कर रहा था केवल निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 78.45 अंक फीसदी बढ़कर 17,318.40 पर कारोबार कर रहा था। वहीं दुनिया भर के बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में चीन, हांगकांग और जापान लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि बैंकॉक, जकार्ता और सियोल हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। वहीं अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डाउ जोंस 271.69 अंक की बढ़त के साथ 42,322.75 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 24.35 अंक की बढ़त के साथ 5,916.93 पर बंद हुआ और नैस्डैक 34.49 अंक की गिरावट के साथ 19,112.32 पर बंद हुआ।

# तुर्की के खिलाफ देशभर में उठी मांग, सेब से लेकर सभी वस्तुओं के आयात पर तत्काल लगे रोक

**नई दिल्ली।**

पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के 11 एयरबेस को तबाह कर दिया। इस ऑपरेशन सिंदूर ने तुर्की, चीन जैसे दुश्मनों की पहचान भारत को करा दी। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ तुर्की ने पाकिस्तान का खूब साथ दिया। जिसके बाद अब भारत में तुर्की के विरोध में स्वर उठने लगे हैं। भारत के कई संगठनों और लोगों ने तुर्की और वहां की वस्तुओं और सेवाओं को बैन करने की मांग की है। सेब के आयात पर रोक लगाने की मांग उसमें से एक है। यदि एप्पल इंपोर्ट पर बैन लगता है, तब तुर्की को 1000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है।

हिमालयी सेब उत्पादक किसानों के संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तुर्की से सेब आयात पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। संगठन का मानना हैं कि लगातार बढ़ते तुर्की से सेब आयात ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के बागवानों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। तुर्की से सेब आयात में साल दर साल वृद्धि हुई है और अब यह भारतीय बागवानों को तगड़ा कॉम्पीटिशन दे रहा है। उदाहरण के तौर पर वितीय साल 2023-24 में तुर्की से आयातित सेब का मूल्य 821 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। इससे लोकल सेब की कीमतों में गिरावट आई है, जिससे बागवानों को लागत मूल्य भी प्राप्त नहीं हो पा रहा है। संगठन ने केंद्र सरकार से तुर्की से सेब के आयात पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसके साथ ही अन्य देशों से आयातित सेब पर न्यूनतम आयात मूल्य (एमआईपी) लागू करने की मांग भी की गई



है। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तब देश के पारंपरिक सेब उत्पादक क्षेत्र गंभीर संकट का सामना कर सकते हैं। बता दें कि फरवरी 2023 में तुर्की में आए महाविनाशकारी भूकंप के बाद भारत मदद करने वाले पहले देशों में से एक था। इस दौरान भारत की ओर से 'ऑपरेशन दोस्त' चलाकर तुर्की के लोगों की मदद की गई थी।

## संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए भारत का वृद्धि अनुमान घटाकर 6.3 प्रतिशत किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने 2025 के लिए भारत के आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने हाल ही में 2025 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। इसमें उसने कहा कि भारत, अनुमानित नरमी के बावजूद लचीले उपभोग तथा सरकारी व्यय के सहारे सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग (डीईएसए) के आर्थिक विश्लेषण एवं नीति प्रभाग की वैश्विक आर्थिक निगरानी शाखा के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ अधिकारी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा` कि भारत मजबूत निजी खपत तथा सार्वजनिक निवेश के बल पर सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, भले ही 2025 में वृद्धि अनुमानों को घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है` कि मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश के साथ-साथ मजबूत सेवा निर्यात आर्थिक वृद्धि को समर्थन देगा। इससे पहले इस साल जनवरी में प्रकाशित संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावना रिपोर्ट में विश्व संस्थान ने भारत की वृद्धि दर के 2025 में 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वहीं 2026 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) आधारित वृद्धि के 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## भारत और अमेरिका के बीच नया व्यापार समझौता की पेशकश

### भारत ने कहा, मूल रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर कोई टैरिफ लागू न करे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पेशकश की है। इस समझौते में भारत ने मूल रूप से अमेरिकी वस्तुओं पर कोई टैरिफ लागू न करने की पेशकश की है। ट्रंप ने कहा कि भारत ने एक बेहतर सौदा पेश किया है जिसमें टैरिफ शामिल नहीं है। इसके साथ ही ट्रंप ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से भारत में और अधिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इन प्लांट्स के निर्माण पर ट्रंप ने विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के बारे में चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिनमें 2025 तक समझौते को पूरा करने की योजना है। वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते के माध्यम से भारत-अमेरिका के आर्थिक संबंधों को मजबूत और विस्तारित करने का काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप ने मिशन 500 की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य 2030 तक भारत-अमेरिका के बीच व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है। यह नया समझौता दोनों देशों के व्यापार संबंधों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

8
मनोरंजन

गौतमबुद्धनगर
शनिवार 17 मई 2025
Www.vishalindia.in

# मैं अभी शुरुआती दौर में हूं: पलक तिवारी



हाल ही में अभिनेत्री पलक तिवारी ने अपनी मां और टीवी की जानी–मानी अदाकारा श्वेता तिवारी से बार–बार की जाने वाली तुलना पर खुलकर बात की। 'किसी का भाई किसी की जान' और 'द भूतनी' जैसी फिल्मों में नजर आ चुकीं पलक का मानना है कि वह अभी करियर की शुरुआत में हैं, ऐसे में उनकी तुलना अपनी मां जैसी अनुभवी और सफल अभिनेत्री से करना सही नहीं है। पलक ने कहा कि वह अपनी मां को रोल मॉडल मानती हैं और चाहती हैं कि उनके जैसी ही शालीनता और आत्मविश्वास के साथ खुद को दर्शकों के सामने पेश करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा, ‎卐ईमानदारी से कहूं तो मुझे इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं इस पर चुप रहना ही बेहतर समझती हूं और मां पर ही छोड़ देती हूं। उन्होंने जो कुछ भी हासिल किया है, उसके बाद उनकी तुलना आधी उम्र के किसी व्यक्ति से करना सही नहीं है। मुझे नहीं लगता कि मैं उनकी तरह दिखती हूं, लेकिन मेरा सपना है कि एक दिन मैं भी उनके जैसी बनूं।卐 'बिजली–बिजली गर्ल' के नाम से मशहूर पलक ने यह भी बताया कि यदि वह दर्शकों से अपनी मां जितना जुड़ाव बना सकीं, तो वह खुद को सफल मानेंगी। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि उनकी मां का टीवी इंडस्ट्री में बहुत लंबा और शानदार करियर रहा है, जबकि उनका सफर अभी शुरू ही हुआ है। पलक जल्द ही एक्शन–ड्रामा फिल्म 'रोमियो एस 3' में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन गुड्डू धनोआ ने किया है। उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने लगातार खुद को बेहतर साबित करने की कोशिश की और गुड्डू धनोआ जैसे अनुभवी निर्देशक के साथ काम करना उनके लिए सम्मान की बात रही। 'रोमियो एस 3' 16 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें पलक एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म की शूटिंग के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके लिए एक बड़ा अवसर है।



## एकता कपूर के वीडियो ने फैंस में मचाई हलचल

हाल ही में टीवी और फिल्म इंडस्ट्री की क्वीन एकता कपूर ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह अलग–अलग मूड्स में नजर आ रही हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में क्यूंकि सास भी कभी बहू थी का आइकॉनिक ट्यून सुनाई दे रहा था, जिससे एकता ने शो से जुड़ी कुछ नई बातें शेयर करने का हिंट दिया। उनके इस वीडियो ने फैंस में भारी एक्साइटमेंट पैदा कर दिया है, और लोग इस बात का अनुमान लगा रहे हैं कि शायद एकता कपूर इस शो को फिर से लेकर कुछ नया करने वाली हैं। इसके अलावा, एकता कपूर को हाल ही में 51वें इंटरनेशनल एम्मी अवार्ड्स में इंटरनेशनल एम्मी डायरेक्टरेट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें भारत सरकार द्वारा कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान, पद्म श्री से भी नवाजा गया है। एकता कपूर की यह सफलता साबित करती है कि उनका प्रभाव हर प्लेटफॉर्म पर बना हुआ है। हाल ही में एकता ने मुंबई में वेव्स समिट 2025 में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म टूरिज़्म पॉलिसी 2025 लॉन्च की। इस समिट में उन्होंने मध्य प्रदेश की फिल्म इंडस्ट्री की संभावनाओं और वहां की खूबसूरत लोकेशंस को बढ़ावा देने की बात की। साथ ही, उन्होंने इस पहल के लिए वित्तीय मदद की जरूरत का भी जिक्र किया। एकता कपूर ने इस पहल के जरिए अपनी क्रिएटिविटी और दूरदृष्टि का एक और बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। बता दें कि एकता कपूर हमेशा अपनी नई और क्रिएटिव अप्रोच से चर्चा में रहती हैं। उन्होंने न सिर्फ टीवी शोज में बदलाव किए हैं, बल्कि ओटीटी और फिल्म्स में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। उनका सबसे प्रसिद्ध और यादगार शो क्यूंकि सास भी कभी बहू थी आज भी भारतीय टेलीविजन का लीजेंडरी शो माना जाता है। इस शो के जरिए एकता कपूर ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई थी, और दशकों बाद भी यह शो भारतीय टेलीविजन की यादों में बसा हुआ है।

## 'हाउसफुल 5' के नए गाने का जादू, 'दिल ए नादान' में मस्ती और ठुमकों का संगम

फिल्म 'हाउसफुल 5' का एक और गाना 'दिल ए नादान' रिलीज हो चुका है। गाने में स्टार्स के शानदार मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है। गाने को नरगिस फाकरी, सोनम बाजवा, जैकलीन फर्नांडिस, अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख पर फिल्माया गया है। गाना पार्टी थीम पर आधारित है, इसमें डांस के साथ–साथ मस्ती का भी तड़का है।
यह गाना टी–सीरीज के यूट्यूब और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है।
इस गाने को मधुबंती बागची और सुमंतो मुखर्जी ने मिलकर गाया है। वहीं बोल कुमार ने लिखे हैं। इसके अलावा, कोरियोग्राफ आदिल शेख ने किया है। गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।
यह गाना फिल्म का दूसरा म्यूजिक ट्रैक है, इससे पहले फिल्म का 'लाल परी' गाना रिलीज किया गया था। इस गाने को सिमर कौर और यो यो हनी सिंह ने गाया, जबकि कोरियोग्राफ रेमो डिसूजा ने किया। गाने में हनी सिंह और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर से साथ देखने को मिली। इससे पहले ये दोनों कई हिट गानों में काम कर चुके हैं, जिसमें 'पार्टी ऑल नाइट', 'कुड़ी चमकीली', 'बॉस' जैसे गाने शामिल हैं। गाने में सभी कलाकार क्रूज पर नाचते–उछलते देखे जा सकते हैं। इसमें पूरा स्टारकास्ट नजर आ रहा है। संजय दत्त, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार भी एक फ्रेम में देखे जा सकते हैं।
फिल्म में अक्षय कुमार के अलावा, चंकी पांडे, जॉनी लीवर, सौंदर्या शर्मा, चित्रांगदा सिंह, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन, जैकलीन फर्नांडिस, सोनम बाजवा, नरगिस फाखरी, फरदीन खान, श्रेयस तलपड़े, डीनो मोरिया, निकितेन धीर, रंजीत, जैकी श्रॉफ, संजय दत्त और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आएंगे। अक्षय कुमार और रितेश देशमुख शुरू से ही इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। बाकी कलाकार बाद में जुड़ते गए।
'हाउसफुल' फ्रेंचाइजी की पहली कॉमेडी फिल्म साल 2010 में आई थी। दो साल बाद 'हाउसफुल 2' आई। इन दोनों फिल्मों को साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। 2016 में 'हाउसफुल 3' रिलीज हुई, जिसे साजिद और फरहाद ने निर्देशित किया। 2019 में 'हाउसफुल 4' पर्दे पर रिलीज हुई। इसे फरहाद सामजी ने डायरेक्ट किया। अब 'हाउसफुल 5' का निर्देशन तरुण मनसुखानी कर रहे हैं। वहीं साजिद नाडियाडवाला इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।




## द रॉयल्स में निभाए किरदार को लेकर नोरा फतेही की हो रही तारीफ




बालीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही द्वारा ओटीटी सीरीज़ द रॉयल्स में निभाए गए किरदार को लेकर उनकी तारीफ हो रही है। ओटीटी सीरीज में नोरा ने आयशा ढोंडी का किरदार निभाया है, अपने प्रदर्शन के लिए मिल रही तारीफों का भरपूर आनंद ले रही हैं।
इस सराहना के बीच, नोरा ने अपने प्रशंसकों के साथ एक खास पर्दे के पीछे की झलक साझा की। इन बीटीएस तस्वीरों में नोरा गुलाबी रंग की भव्य साड़ी में नजर आ रही हैं, जो शाही गरिमा और शांत शक्ति का प्रतीक बनती हैं। उनके सॉफ्ट–ग्लैम मेकअप और बारीकी से चुनी गई ज्वेलरी ने फैशन प्रेमियों और प्रशंसकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। इन तस्वीरों के साथ नोरा ने दर्शकों को उनके अभिनय और किरदार को इतना अपनापन देने के लिए धन्यवाद कहा। नोरा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'द बैडी, प्रिंसेस आयेशाज आइकॉनिक और खतरनाक इस मौके पर मैं उन सभी को दिल से धन्यवाद कहना चाहती हूं, जिन्होंने द रॉयल्स में आयशा के रूप में मेरे प्रदर्शन को इतना प्यार और सराहना दी–यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' हालांकि नोरा की स्टाइलिंग लाजवाब थी, असली ध्यान उनके ऑन–स्क्रीन अभिनय पर था। आयशा ढोंडी के रूप में नोरा ने बेहद नियंत्रित और प्रभावशाली भावनाओं के साथ अभिनय किया। उनके हाव–भाव, बॉडी लैंग्वेज और स्क्रीन प्रेज़ेंस ने उन्हें सीरीज़ की सबसे दमदार झलकियों में से एक बना दिया। फैन–फेवरिट म्यूज़िकल सीक्वेंस 'अदाएं तेरी' को महज 45 मिनट में शूट किया गया, जिसमें नोरा और ईशान खट्टर के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री को बखूबी दर्शाया गया, जिसे दर्शक प्योर स्क्रीन मैजिक मान रहे हैं। नोरा इस समय एक बड़ी ग्लोबल स्टार पावर के रूप में धूम मचा रही हैं। उनका हिट सिंगल स्नेक, जो जेसन डेरुलो के साथ है, 130 मिलियन व्यूज पार कर चुका है। अभिनय के मोर्चे पर, नोरा ने हाल ही में बी हैप्पी में अपनी भूमिका के लिए प्रशंसा प्राप्त की और अब वह कंचना 4 में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रही हैं।

## आशुतोष राणा बोले- 'पृथ्वीराज चौहान' में मेरी भूमिका मेरे लिए बहुत खास है

दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा ने ऐतिहासिक महाकाव्य 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' का हिस्सा बनने पर गर्व जताया। दरअसल, राणा पृथ्वीराज चौहान के भरोसेमंद दोस्त चंद बरदाई के किरदार को अपनी आवाज दे रहे हैं। वह इस महाकाव्य गाथा के जरिए दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे। शो का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा करते हुए, आशुतोष राणा ने कहा, 'मैं बचपन में पृथ्वीराज चौहान की कहानियां सुनता था, जो मेरे दिल में गहराई तक बस गईं। अब जब उन्हें इन्हीं



कहानियों का हिस्सा बनने का मौका मिला है, तो यह मेरे लिए एक भावनात्मक रूप से बहुत खास अनुभव है। एक अभिनेता के रूप में, मैंने हमेशा माना है कि आवाज में बहुत ताकत होती है। इस नैरेशन के जरिए, मैं कहानी में गहराई और गरिमा लाना चाहता हूं। जो भावनाएं मैं लेकर चल रहा हूं, वो ताकत, जुनून और सम्मान से जुड़ी हैं और ये इस शो की आत्मा से मेल खाती है।' 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान' एक ऐतिहासिक धारावाहिक है, जो महान योद्धा राजा पृथ्वीराज चौहान के जीवन पर आधारित है। यह पृथ्वीराज चौहान के जीवन के सफर को दिखाती है कि कैसे एक मासूम, युवा राजकुमार धीरे–धीरे एक महान और सम्मानित सम्राट बनता है। कहानी दिखाती है कि कैसे पृथ्वीराज चौहान ने खुद को एक शक्तिशाली योद्धा और सम्राट में बदला। शो में उन महत्वपूर्ण घटनाओं को दिखाया गया है जो पृथ्वीराज को इतिहास में अमर बनाते हैं, जैसे युद्ध, राजनीतिक निर्णय और बलिदान। यह सिर्फ एक राजा की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस यात्रा की गाथा है जिसमें एक युवा बालक संघर्षों, वीरता और निर्णयों के जरिए एक ऐसा सम्राट बनता है, जिसकी विरासत आज भी भारतीय इतिहास में चमकती है। यह सीरीज प्रेरणा, शौर्य और नेतृत्व की जीवंत झलक है। इस शो में अनुजा साठे, रोनित रॉय, रूमी खान और पद्मिनी कोल्हापुरी अहम किरदार में हैं। दिग्गज एक्ट्रेस पद्मिनी कोल्हापुरी 11 साल बाद टीवी पर शानदार वापसी कर रही हैं। वह राजमाता की शक्तिशाली भूमिका में नजर आएंगी। टीवी पर वापसी को लेकर पद्मिनी कोल्हापुरी ने पहले कहा था, 'चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की दुनिया में कदम रखना मेरे लिए बेहद खास है, न केवल इसलिए कि मैं शक्तिशाली भूमिका निभा रही हूं, बल्कि इसलिए भी कि यह लगभग 11 सालों के बाद टेलीविजन पर मेरी वापसी का प्रतीक है। टीवी पर मेरी यात्रा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के साथ शुरू हुई, और अब इतने सालों के बाद, मैं उसी चैनल पर एक ऐसी भूमिका के साथ लौट रही हूं, जो चुनौतीपूर्ण और संतोषजनक दोनों है।' यह शो 4 जून को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर के लिए तैयार है।



## मुंबई छोड़कर बीकानेर में शिफ्ट हुई चारू असोपा

हाल ही में एक्ट्रेस चारू असोपा ने अपनी नाखुश शादी को खत्म कर, सिंगल मदर के तौर पर अपनी बेटी जियाना के साथ नई जिंदगी की शुरुआत की। वह मुंबई छोड़कर राजस्थान के बीकानेर में शिफ्ट हो गईं, जिससे सभी हैरान रह गए। वहीं, राजीव सेन ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर हलचल मचा दी है। राजीव की तस्वीरों में वह एक खूबसूरत हसीना के साथ नजर आ रहे हैं, और उनकी कैमिस्ट्री को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं हैं। इन तस्वीरों और वीडियो के वायरल होते ही अफवाहें फैलने लगीं कि राजीव का नई लड़की के साथ अफेयर चल रहा है। हालांकि, इन तस्वीरों का राजीव की पर्सनल लाइफ से कोई संबंध नहीं है। दरअसल, ये तस्वीरें उनके किसी प्रोफेशनल प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं, जिसमें उन्होंने प्रोजेक्ट से संबंधित लोगों को टैग किया है। बीते दिनों राजीव ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया था कि उन्होंने अपनी एक्स–वाइफ चारू असोपा को अपने सबसे अच्छे दोस्त से बात करते हुए पकड़ा था। राजीव ने बताया कि वे दुबई में छुट्टियां मना रहे थे, जब उन्होंने चारू को अपने दोस्त से बात करते हुए देखा। इसके बाद चारू ने राजीव को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू कर दिया, और जब राजीव ने इस बारे में पूछा, तो चारू चुप हो गईं। इस पर चारू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राजीव ने उन्हें अपने दोस्त से बात करते हुए देखा होता, तो वह जान पाते कि वे किस बारे में बात कर रहे थे। चारू ने यह भी कहा कि राजीव को अपने दोस्त का नाम बताना चाहिए, और सिर्फ झूठे आरोप नहीं लगाने चाहिए। बता दें कि सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन और एक्ट्रेस चारू असोपा की निजी जिंदगी में हमेशा कुछ न कुछ हंगामा बना रहता है। राजीव और चारू का रिश्ता हमेशा उतार–चढ़ाव से भरा रहा है। तलाक के बाद, दोनों अपनी बेटी जियाना के लिए फिर से साथ आए थे, और लोग यह सोचने लगे थे कि शायद वे फिर से एक साथ हो जाएंगे।

## फिल्म जेलर 2 रजकांत और राम्या निभाएगी भूमिका




अपकमिंग फिल्म जेलर 2 इन दिनों खूब चर्चा बटोर रही है। जेलर 2 में जहां रजनी और राम्या कृष्णन अपनी भूमिकाओं को फिर से निभाने के लिए तैयार हैं, वहीं सीक्वल में शिव राजकुमार और मोहनलाल सहित विभिन्न क्षेत्रीय उद्योगों के सुपरस्टार कैमियो करेंगे। हाल ही में ऐसी खबरें आई थीं कि डाकू महाराज फेम नंदमुरी बालकृष्ण कैमियो के रूप में सबसे नए जोड़े जा रहे हैं। रिपोर्ट्स बताती हैं कि बालकृष्ण एक पुलिस वाले की भूमिका निभाएंगे, कथित तौर पर उन्हें बहुत बड़ी रकम दी जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बालकृष्ण जेलर 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। चौंकाने वाली बात यह है कि फिल्म के निर्माता, सन पिक्चर्स ने उन्हें एक छोटे शेड्यूल के लिए मोटी रकम देने पर सहमति जताई है। एक सूत्र ने बताया कि नंदमुरी बालकृष्ण ने जेलर 2 के लिए 20 दिन का शेड्यूल तय किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बालकृष्ण ने 20 दिन के शेड्यूल के लिए 50 करोड़ रुपये मांगे और निर्माता बिना किसी हिचकिचाहट के इसके लिए राजी हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म की यूनिट के एक करीबी सूत्र ने पुष्टि की है कि बालकृष्ण कैमियो के लिए आ रहे हैं। कथित तौर पर, उनकी भूमिका एक शक्तिशाली होगी। हालांकि, बालकृष्ण की भूमिका कैमियो से ज्यादा एक गेस्ट के तौर पर होगी, सूत्र ने ये भी दावा किया है कि फिल्म में प्रशंसकों को उनका किरदार पसंद आएगा। वहीं अगर रिपोर्ट्स की मानें तो बालकृष्ण कैमियो रोल के लिए सबसे ज्यादा पैसे लेने वाले अभिनेता बन गए हैं। गौरतलब है कि कई प्रसिद्ध अभिनेता हैं जिन्होंने फिल्मों में कैमियो के लिए एक पैसा भी नहीं लिया। चाहे पहेली में अमिताभ बच्चन हों, रॉकेट्री में शाहरुख खान, पठान में सलमान खान या किसी का भाई किसी की जान में रामचरम, इन अभिनेताओं ने बिना एक भी पैसा लिए कैमियो किया। हालांकि, सभी अभिनेता मुफ्त में कैमियो नहीं करते हैं। कथित तौर पर, अजय देवगन ने एसएस राजामौली की शानदार फिल्म आरआरआर में अपनी भूमिका के लिए 35 करोड़ रुपये लिए थे। इसके साथ ही, वो कैमियो भूमिका के लिए सबसे अधिक भुगतान पाने वाले अभिनेता बने हुए हैं। वहीं आलिया भट्ट ने भी 15 मिनट के लिए राजामौली की फिल्म से 9 करोड़ लिए थे। दूसरी ओर, हुमा कुरैशी ने संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी में अपनी भूमिका के लिए 2 करोड़ रुपये लिए थे। दिलचस्प बात यह है कि उर्वशी रौतेला ने मेगास्टार चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया में अपने कैमियो के लिए 3 करोड़ रुपये की भारी भरकम फीस ली थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in